दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

वर्ष 52/ अंक 146/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 भोपाल, शनिवार 31 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

नव वर्ष की शुभकामनाएं

नया सवेरा आया नई किरण के साथ
नया दिन आया प्यारी मुस्कान के साथ
आपको नया साल 2023 मुबारक हो
मेरी ढेरों शुभकामनाओं के साथ।

**सांध्य प्रकाश विशेष**

### प्रवासी भारतीय सम्मेलन

# वीवीआईपी के साथ राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी करेंगे राउंड टेबल डिनर




**इंदौर।** इंदौर में 8 से 12 जनवरी तक प्रवासी भारतीय सम्मेलन और दो दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट है। देश-विदेश से मेहमान अलग-अलग सेशन में शामिल होंगे। इनवेस्टर्स को लेकर सात कैटेगरी बनाई गई है। इन्हीं कैटेगरी को ध्यान रखते हुए ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में लंच और डिनर होगा। वीवीआईपी राउंड टेबल पर लंच और डिनर करेंगे। नक्षत्र गार्डन में भी ढाई हजार से ज्यादा लोगों का भोज होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे मेजबान। इनवेस्टर्स के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गुयाना के राष्ट्रपति मो. इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोषी, विदेशी प्रतिनिधि, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, विशेष अतिथि, अलग-अलग कामों में जुटा स्टाफ और मीडिया शामिल है।



ओरियन हॉल में राउंड टेबल पर 60 वीवीआईपी लंच करेंगे। नक्षत्र गार्डन में राउंड टेबल लंच में 500 प्रतिनिधि, प्रदर्शनी हॉल में बुफे लंच में 1 हजार लोग भोजन करेंगे। जिसमें इवेंट ऑर्गेनाइजर, मीडियाकर्मी और प्रदर्शनी का स्टाफ रहेगा। डिनर नक्षत्र गार्डन में होगा। जिसमें 1 हजार लोग रहेंगे।

### 9 जनवरी को पीएम मोदी इवेंट में हिस्सा लेंगे

9 जनवरी को अम्पायर हॉल में 108 वीवीआईपी होंगे। इनमें प्रधानमंत्री और राष्ट्राध्यक्षों के साथ लंच में हिस्सा लेंगे। नक्षत्र गार्डन में 3 हजार डेलिगेट्स, इवेंट ऑर्गेनाइजर्स, मीडियाकर्मी और अन्य के लंच की व्यवस्था रहेगी। इस तरह 3 हजार से ज्यादा लोगों का भोजन होगा।

### राष्ट्रपति के साथ 108 वीवीआईपी लंच करेंगे

10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समापन समारोह में शिरकत करेंगी। उनके साथ कुल 108 वीवीआईपी अम्पायर हॉल में लंच करेंगे। इसी तरह अन्य के लिए नक्षत्र गार्डन में भोजन रहेगा। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अगले दो दिनों में लंच और डिनर की भी इसी तरह योजना बनाई गई है। हर दिन लंच और डिनर में परोसे जाने वाले मीनू भी लगभग फाइनल हो गए हैं। केटरिंग से जुड़े कर्मचारियों के ड्रेस कोड भी तय कर दिए गए हैं।

# पूर्व ब्यूरोक्रेट सुनील कुमार और पूर्व सीएस अमन सिंह बने एनडीटीवी के डायरेक्टर




**रायपुर।** अदाणी ग्रुप ने एनडीटीवी के बोर्ड में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव सुनील कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अमन सिंह को शामिल किया है। एनडीटीवी बोर्ड में सुनील कुमार और अमन सिंह को नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। सुनील कुमार 2012 से लेकर 2014 तक छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव थे, और सुनील कुमार 1979 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। अमन सिंह अभी अदाणी समूह के कार्पोरेट ब्रांड कस्टोडियन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बता दे कि अदाणी ग्रुप ने मीडिया कंपनी एनडीटीवी का 2022 में अधिग्रहण किया था।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में भेंट की। उन्होंने उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ की कलाकृति भेंट की।

# कोरोना के खतरनाक एक्सबीबी.1.5 वैरिएंट की भारत में एंट्री, गुजरात में एक केस मिला

**नई दिल्ली।** अमेरिका में कोरोना का नया वैरिएंट एक्सबीबी1.5 मिला है जो दूसरे वैरिएंट की तुलना में बेहद खतरनाक है। चीनी मूल के अमेरिकी हेल्थ एक्सपर्ट एरिक फेगल डिंग ने कहा है कि यह पिछले बीक्यू.1 वैरिएंट से 120 गुना ज्यादा तेजी से संक्रमण फैलाता है। चिंता की बात यह है कि इस वैरिएंट की एंट्री अब भारत में हो गई है। गुजरात में भी इस वैरिएंट का एक मामला सामने आया है।

डिंग ने कहा है कि एक्सबीबी.1.5 कोरोना का एक सुपर वैरिएंट है। इसके चलते लोगों के



अस्पताल में भर्ती होने की दर लगातार बढ़ रही है। डिंग ने कहा है कि एक साइंटिस्ट ने न्यूयॉर्क में फैल रहे इस वैरिएंट के मॉडल की स्टडी की है। यह पहले के तमाम वैरिएंट्स के मुकाबले तेजी से इंसान के इम्यून सिस्टम को चकमा देने माहिर है।

हेल्थ एक्सपर्ट एरिक ने दावा किया है कि सीडीसी ने पिछले 2 हफ्तों में एक्सबीबी.1.5 वैरिएंट के सही आंकड़े जारी नहीं किए। उन्होंने एक के बाद एक 17 ट्वीट करके आरोप लगाया कि चीन की तरह ही अमेरिका भी कोरोना के नए वैरिएंट का डेटा छिपा रहा है। डिंग ने अमेरिका के डिजीज कंट्रोल सेंटर के कुछ आंकड़ों की फोटो शेयर की हैं। उनके मुताबिक कोरोना के ये आंकड़ें सीडीसी ने रिलीज नहीं किए थे। एरिक ने दावा किया कि सेंटर ने नए वैरिएंट से जुड़े मामलों में एकदम 1 प्रतिशत से 40प्रतिशत तक का उछाल दिखा दिया।

# आरएसएस-भजपा मेरे गुरु वे ट्रेनिंग दे रहे: राहुल गांधी

### पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- वे जितना मुझ पर हमला करते हैं, उतना मैं बेहतर होता जाता हूं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारत जोड़ो यात्रा पर 9वीं प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नई दिल्ली में उन्होंने एक बार फिर केंद्र सरकार, भाजपा और ऋस्र पर हमला किया। राहुल ने कहा- मैं आरएसएस और भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं। वो जितना मुझ पर हमला करते हैं, मैं उतना बेहतर होता जा रहा हूं। भाजपा और आरएसएस के लोग मेरे गुरु हैं। वो मुझे ट्रेनिंग दे रहे हैं।% राहुल गांधी ने यात्रा को अभी विराम दिया गया है। 3 जनवरी से यात्रा फिर शुरू होगी और उत्तर प्रदेश, पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर में खत्म होगी।

भारत जोड़ो यात्रा अभी तक सफल रही है। हमारे कई मुद्दे हैं, इनमें बेरोजगारी, महंगाई अहम हैं। भारत के कुछ लोग बहुत कम समय में दुनिया के सबसे अमीर बन गए, लेकिन देश के ज्यादातर लोग गरीब हो गए।



### सरकार बेवजह मेरी सुरक्षा का मुद्दा बना रही है

राहुल ने कहा, मैं भारत जोड़ो यात्रा कर रहा हूं। अब सरकार चाहती है कि मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी में कन्याकुमारी से कश्मीर जाऊं। ये मेरे लिए स्वीकार्य नहीं है। जब उनके वरिष्ठ नेता बुलेटप्रूफ गाड़ी से बाहर आ जाते हैं, तो कोई चिट्ठी नहीं आती। अपने ही प्रोटोकॉल को वे तोड़ देते हैं। तो क्या उनके लिए प्रोटोकॉल अलग-मेरे लिए अलग। बुलेटप्रूफ गाड़ी में मैं कैसे चलूं।

### एमपी में हम जीतेंगे, लिखकर देता हूं

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में 9वीं प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नई दिल्ली में उन्होंने मध्यप्रदेश का भी जिक्र किया। राहुल ने दावा करते हुए कहा- मैं आपको एक बात लिखकर देता हूं कि कांग्रेस मध्यप्रदेश के चुनाव को जीतेगी। भाजपा वहां दिखाई नहीं देगी। मध्यप्रदेश में तूफान आया हुआ है और वहां हर कोई जानता है कि भाजपा ने वहां पैसा देकर सरकार बनाई है। पूरा प्रदेश गुस्से में है। प्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे: कमल नाथ

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने शुक्रवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे। पीटीआइ से ई-मेल पर लिए गए इंटरव्यू में कमल नाथ ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा सत्ता की राजनीति के लिए नहीं बल्कि देश के आम लोगों के लिए निकाल रहे हैं।



जहां तक वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की बात है, राहुल गांधी केवल विपक्ष का चेहरा नहीं बल्कि उसकी ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार भी होंगे। बता दें कि कमल नाथ पहले ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी की प्रधानमंत्री के रूप में उम्मीदवारी के समर्थन में आगे आए हैं। कमल नाथ ने यह भी कहा कि विश्व के इतिहास में इतनी लंबी पदयात्रा किसी ने नहीं की है। देश के लिए गांधी परिवार जितना बलिदान भी किसी ने नहीं किया होगा। राहुल गांधी सत्ता के लिए राजनीति नहीं करते, वे जनता की राजनीति करते हैं। इस यात्रा के जरिए राहुल गांधी बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में धोखेबाजों के लिए कोई जगह नहीं है। यदि मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में आती है तो पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी।

## मध्यप्रदेश में शामिल होना चाहते हैं महाराष्ट्र के 154 गांव, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बुरहानपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले की तहसील धारणी के रहवासियों ने शुक्रवार शाम मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर नारेबाजी कर मांग उठाई कि धारणी को मध्यप्रदेश में शामिल किया जाए। इसे लेकर उन्होंने मप्र महाराष्ट्र की बॉर्डर पर नारेबाजी की।

रहवासियों का कहना है कि यहां किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं हैं। सारा व्यापार भी मध्यप्रदेश के बुरहानपुर, खंडवा और बैतूल जिले से जुड़ा है। रोड की स्थिति खराब है। आवागमन के साधन बेहतर नहीं है। रहवासियों को उद्योग आदि की सुविधाएं नहीं है। धारणी में 154 गांव है। यह करीब 150 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। इसके करीब 70 गांव मध्य प्रदेश से लगे हैं। धारणी से अमरावती की दूरी करीब 190 किलोमीटर है। यह अति दुर्गम क्षेत्र है। धारणी से अमरावती तक जाने के लिए 70 किलोमीटर का रास्ता रास्ता कहलाने के लायक नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से यहां कोई व्यवस्था नहीं है। यहां से अगर बीमार मरीज को अमरावती भेजा जाता है तो कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे में लोग यहां से मरीज को बैतूल, खंडवा या बुरहानपुर ले जाना पसंद करते हैं।



धारणी से इन जिलों की दूरी करीब 40 से 50 किलोमीटर है। अति दुर्गम क्षेत्र होने के कारण यहां किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। सरकारी योजनाएं भी यहां तक नहीं पहुंच पाती। यही कारण है कि पिछले करीब 30 साल से यह क्षेत्र कुपोषण से मुक्त भी नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि यहां सड़क नाम की कोई चीज ही नहीं है। यहां का पूरा बाजार मध्य प्रदेश पर निर्भर है। लोग व्यक्तिगत लाभ से वंचित हैं। धारणी में भाषा भी एक समस्या बनी हुई है। यहां के लोग हिंदी में बात करते हैं। जबकि, अफसर मराठी में ऐसे में आपस में समन्वय भी नहीं बन पाता।

## महागठबंधन के लिए बड़ा संदेश दे गया बिहार का नगर निकाय चुनाव

**पटना।** बिहार के 17 नगर-निगमों में महापौर, उप महापौर और पार्षदों के परिणाम आ गए हैं। इन नतीजों ने हर किसी को हैरान कर दिया है। ये भले ही दलगत चुनाव नहीं थे, लेकिन इन नतीजों से खासतौर पर बिहार की सत्ता में काबिज महागठबंधन को बड़ा सियासी संदेश मिला है। नतीजों पर नजर डालें तो गया को छोड़कर 16 शहरों में महिलाएं महापौर बनी हैं। वह भी तब, जब केवल सात सीटें ही महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। मतलब इस बार नगर निकाय चुनाव में महिलाओं का डंका बजा है। 17 में से छह नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी समर्थित महापौर चुना गया है, जबकि छह पर ही महाठबंधन समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिली है। समस्तीपुर से कांग्रेस समर्थित अनीता राम मेयर चुनी गईं हैं। चार अन्य पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने परचम लहराया। यह नतीजे बिहार की सियासत के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि तीन महीने पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़कर महागठबंधन की सरकार बना ली थी।

### कार चालक को आया हार्ट अटैक, डिवाइडर तोड़ती हुई बस से टकरा गई एसयूवी

# नौ की मौत, कई घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के नवसारी में भीषण सड़क हादसे की घटना सामने आई है। यहां शनिवार सुबह-सुबह बस और एसयूवी कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है वहीं 30 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर। पुलिस के मुताबिक, हादसा अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर हुआ। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को सूरत रिफर किया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो नवसारी नेशनल हाईवे-48 पर जिस बस का एक्सीडेंट हुआ, वह सूरत में एक कार्यक्रम से आ रही थी। बताया गया है कि अल-सुबह वलसाड से आ रही टोयोटा फॉर्च्यूनर के ड्राइवर को अचानक ही हार्ट अटैक आ गया और उसका कार से नियंत्रण छूट गया। इसके बाद एसयूवी डिवाइडर को पार करते हुए सामने से आ रही बस से टकरा गई।



इस घटना में कार में सवार सभी आठ लोगों की जान चली गई, वहीं बस में सवार एक व्यक्ति की जान जाने की भी बात सामने आई है। बस में सवार लोगों को करीब के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि सड़क हादसे में लोगों की मौत से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये व घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की।

### गृह मंत्री शाह ने घटना पर जताया दुख

गुजरात में हुई इस घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, नवसारी में हुआ हादसा झकझोरने वाला है। जिन लोगों ने हादसे में अपने परिवारजनों को खोया है, उनके लिए मेरी संवेदना। स्थानीय प्रशासन घायलों को तत्काल इलाज मुहैया करा रहा है।

# साल के अंतिम दिन महाकाल धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में आज यानि शनिवार व रविवार को करीब छह लाख भक्तों के दर्शन करने आने का अनुमान है। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुलभ दर्शन व्यवस्था के इंतजाम किए हैं। भक्तों को त्रिवेणी संग्रहालय के रास्ते मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। वाहनों की पार्किंग आदि के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि अधिक भीड़ की स्थिति में दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय के सामने से प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। त्रिवेणी संग्रहालय के सामने स्थित मंदिर की पार्किंग में जूता स्टैंड, शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर आदि के इंतजाम हैं। महाकाल दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को श्री महाकाल लोक के पिनाकी द्वार से चारधाम मंदिर की ओर प्रवेश दिया जाएगा। इस व्यवस्था से दर्शनार्थी सीधे जूता-चप्पल स्टैंड स्थल पर पहुंचेंगे। श्री महाकाल लोक में लडडू प्रसाद काउंटर भी है। भक्त महाकाल दर्शन करने के बाद लौटते समय इन काउंटरों से लडडू प्रसाद खरीद सकते हैं।



मंदिर प्रशासन ने भीड़ की स्थिति को देखते हुए गर्भगृह व नंदी हॉल में भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित कर रखा है। प्रशासक ने बताया कि भीड़ की स्थिति को देखते हुए यह व्यवस्था प्रबंध समिति के निर्णय अनुसार पांच जनवरी तक लागू रहेगी।

नए साल में देशभर से भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंच रहे हैं। इसके चलते महाकाल मंदिर की हरसिद्धि धर्मशाला सहित आसपास की सभी होटलें व धर्मशाला फुल हैं। होटल संचालकों ने कमरों का किराया तीन गुना तक बढ़ा दिया है। नॉन एसी डबल बेड का किराया दो हजार रुपये प्रति रूम वसूला जा रहा है।

### नववर्ष मनाने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे मथुरा-वृंदावन

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में वर्ष के अंतिम दिन शनिवार और नए साल के पहले दिन रविवार को ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर सहित वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच चुके हैं। इसे देखते हुए ठा. श्रीबांकेबिहारी मंदिर में सुगंधित इत्र का छिड़काव किया जा रहा है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचाल आदि राज्यों के साथ ही विदेशों से भी श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे हैं। होटल एसोसिएशन के अनुसार, वर्तमान में वृंदावन के आश्रम, गेस्टहाउस और धर्म शालाओं में ठहरने के लिए कमरे तक उपलब्ध नहीं हैं। वृंदावन स्थित इस्कान मंदिर में नववर्ष मनाने के लिए देश विदेश से हजारों भक्त आ रहे हैं। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन तंत्र तैयारियों जुटा है। मंदिर को सजाने के लिए विदेशी फूल मंगाए गए हैं। इस्कान वृंदावन के मीडिया प्रभारी रविलोचन दास ने बताया कि नववर्ष पर मंदिर का एक नया ही रूप श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगा। ठाकुरजी भव्य पोशाक पहनेंगे। मंदिर में भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम प्रारंभ हो गए है।



## दलाई लामा बोले- चीन ने बौद्ध धर्म को नुकसान पहुंचाया

**गया।** चीन ने बौद्ध धर्म को नुकसान पहुंचाया। चीन में बने हमारे बौद्ध विहार को तोड़ा गया। हमारे लोगों को जहर तक दिया गया। बोधगया में शनिवार को टीचिंग प्रोग्राम में ये बयान बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने दिया।

उन्होंने चीन की सरकार पर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए चीन ने हर संभव कोशिश की। बहुत हद तक हमारी चीजों को नष्ट कर दिया। बावजूद इसके बौद्ध धर्म अपनी जगह पर खड़ा है। दलाई लामा 3 दिनों से कालचक्र मैदान में टीचिंग प्रोग्राम में प्रवचन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चीन में भी बौद्ध धर्म के मानने वाले लोग बड़ी संख्या में हैं। चीन सरकार ने 1 हजार से ज्यादा लोग जो बौद्ध धर्म से ताल्लुक रखते थे उन्हें समय-समय पर नष्ट कर दिया।



किसी के नुकसान पहुंचाने से किसी का धर्म खतरे में नहीं पड़ता। आज भी चीन में बौद्ध धर्म के अनुयायी बौद्ध धर्म से जुड़े लोग भिक्षु लामा भगवान बुद्ध की प्रार्थना में लीन हैं।

शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताश्री हीराबेन को श्रद्धासुमन अर्पित





**संत हिरदाराम नगर।** उपनगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी, जिसके अंतर्गत आठ स्कूलों एवं दो कॉलेजों का संचालन किया जाता है, द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता श्रीमती हीराबेन के निधन पर शोक-सभा का आयोजन संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में किया गया।

इस अवसर पर अपने संप्रेषित शोक संदेश में श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने माता हीराबेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे सपूत को जन्म देकर देश को एक अनमोल हीरा प्रदान किया, जिसने अपने साहस, निर्भीकता और ईमानदारी भरे आचरण से भारत के सम्मान को पूरे विश्व में उच्चतम स्थान पर पहुंचाया है।

श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने संदेश में कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में माता-पिता का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। जिस व्यक्ति के साथ उसकी माता का आशीर्वाद रहता है, वह अपने जीवन में कभी भी असफल नहीं होता। इसलिये हम चाहे अपने घर से कितना भी दूर कहीं भी रहें, हमें अपनी माताश्री का स्मरण करके उसका आशीर्वाद प्राप्त करते रहना चाहिये।

सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी ने माता हीराबेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सादगी, सहजता और उनके अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के उच्चत्तम पद पर रहते हुए भी उन्होंने अपनी माताजी के अंतिम संस्कार की रस्म अहमदाबाद में बहुत ही सादगीपूर्ण ढंग से अदा की। जिससे यातायात इत्यादि में जन साधारण के लिए किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। न केवल इतना, अहमदाबाद में अपनी मां हीराबा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्तव्य पथ पर डटे रहे और उन्होंने पश्चिम बंगाल में कई परियोजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया तथा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। मोदी ने अपनी माता की भावना और मूल्यों को अपने जीवन में ढाला है।

इस श्रद्धांजलि सभा में नेचुरोपेथी कॉलेज के प्राचार्य हेमांशु शर्मा, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या सुश्री डालिमा पारवानी के अलावा सोसायटी के सचिव ए.सी. साधवानी, सहसचिव के.एल. रामनानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी एवं शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने भी स्वर्गीय आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# प्रेस कॉलोनी में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आनंद नगर प्रेस कॉलोनी शिव शक्ति मंदिर पर सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथावाचक ललित कृष्ण महाराज द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है एवं पंडित सुनील शास्त्री द्वारा सभी आचार्य कार्य कराए जा रहे हैं भागवत कथा के छठवें दिन आज कृष्ण रुक्मणी प्रसंग को श्रद्धालुओं ने खूब आनंद से सुना। कथा के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर एवं पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य छाया ठाकुर विशेष रूप से सम्मिलित हुए कृष्णा गौर ने कहा कि पूरे क्षेत्र की जनता धार्मिक कार्यक्रमों से ओतप्रोत है और प्रेस कॉलोनी परिसर में आयोजित भागवत कथा से सभी का कल्याण हो ऐसी उनकी मनोकामना है छाया ठाकुर ने भागवत कथा के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया।

## सलकनपुर मंदिर के लिए विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन 7 जनवरी को



सलकनपुर माता मंदिर के लिए एक विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है चुनरी यात्रा के आयोजक अशोक गुप्ता असाठी ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर के संरक्षण में आयोजित इस चुनरी यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है अशोक गुप्ता असाठी द्वारा अनेक बरसों से चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाता है अशोक गुप्ता असाठी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं उनके नेतृत्व में समस्त असाटी वैश्य समाज ने सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा कार्यों में एक पहचान बनाई है अशोक गुप्ता मानते हैं कि समाज से जो कुछ मिला है उसके प्रति कृतज्ञता भाव से ही उन्हें समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है।

# नर सेवा नारायण सेवा समिति ने कैंसर चिकित्सालय में नि :शुल्क भोजन और कंबल वितरण किया

**संत हिरदाराम नगर।** सेवा भारती नानक मंडल द्वारा विगत 5 वर्षों से अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र के माध्यम से अपना या अपने प्रिय जनों का जन्मदिवस,पुण्यतिथि या अन्य उपलब्धि के अवसर पर नाममात्र का शुल्क देकर स्वयं अपने और परिवार के साथ निशुल्क भोजन वितरण सेवा अध्यक्ष अमित जैन और सचिव चेतन पटेल, नवनीत अग्रवाल और सेवा धारियों के माध्यम से करे मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कोरोना काल में भी भोजन सेवा अवकाश नहीं रहा शहर के प्रबुद्ध जनों में लोकप्रिय सेवा कड़ी में नर सेवा नारायण सेवा समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी रुकमणी संतोष मालवी और परिजनों द्वारा भीआज निशुल्क भोजन सेवा वितरण कर जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए। इस अवसर पर इमरत बाई ,संतोष मालवी, सुरेश मालवी, धर्मेंद्र मालवीय, धीरज उदासी कविता, गुड़िया आदि उपस्थित थे



# संस्कृति विभाग एवं यूनिसेफ ने किया संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** गत दिनों संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश सरकार एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थान यूनिसेफ के द्वारा आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम आह्वान में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भोपाल को कॉमिक आर्ट वर्कशॉप के माध्यम से सामाजिक सुधार के लिए सार्थक कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं खंडवा के संस्थान उपस्थित थे। गत माह संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ने यूनिसेफ के सहयोग से एक कॉमिक आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जिसमें भोपाल के पास के गांव चंदेरी, निपानिया सूखा, रोजीबैग एवं बगोनिया के स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया था। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था कॉमिक आर्ट के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाना एवं कॉमिक आर्ट को बढ़ावा देना, जिसमें संस्थान का योगदान यूनिसेफ के उच्च अधिकारियों के द्वारा सराहा गया।

इस वर्कशॉप में 700 से ज्यादा बच्चों ने सामाजिक विषयों जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन, स्वास्थ्य जैसे विषयों पर रोचक तरीके से कॉमिक बनाए थे। कॉमिक बनाने के लिए संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट की मास्टर ट्रेनर छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनको यूनिसेफ ने विशेष प्रशिक्षण दिया था। सामाजिक परिवर्तन की इस अनूठी पहल के लिए संस्कृति विभाग एवं यूनिसेफ के उच्च अधिकारियों ने संस्थान के निदेशक डॉ आशीष ठाकुर, कोऑर्डिनेटर प्रो. शालू पांडे एवं मास्टर ट्रेनर छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं ऐसे कार्यों में संस्थान की भागीदारी की प्रशंसा की। संस्थान द्वारा आयोजित वर्कशॉप में रचित कॉमिक आर्ट को प्रदर्शनी के रूप में लगाया गया था। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी।

## जगदीश विश्वकर्मा जिला सह- संयोजक एवं मेहताब सिंह राजपूत गोविंदपुरा विधानसभा संयोजक बने

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक श्री अभिषेक शर्मा जी के निर्देशानुसार एवं भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिले के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी की अनुमति एवं जिला प्रभारी अश्विनी राय की एवं जिला संयोजक धीरज सोनी की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग जिला भोपाल की जगदीश विश्वकर्मा को जिला सह संयोजक एवं मेहताब सिंह राजपूत को गोविंदपुरा विधानसभा संयोजक पद पर नियुक्त किया गया। जगदीश विश्वकर्मा एवं मेहताब सिंह राजपूत जी ने संगठन एवं वरिष्ठ नेतृत्व का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने के लिए विश्वास जताया।

आनंद नगर में खुली एचडीएफसी बैंक की ब्रांच

**भोपाल।** आनंद नगर पुलिस चौकी स्थित चौराहे पर आज एचडीएफसी की भोपाल में 23 मई ब्रांच खोली गई है ब्रांच के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर परिषद की सदस्य छाया ठाकुर विशिष्ट अतिथि थी ब्रांच हेड ममता दुबे ने बताया कि इस क्षेत्र में किसी प्राइवेट बैंक की यह पहली शाखा है इससे क्षेत्रवासियों को काफी सहूलियत होगी और वह विभिन्न तरह के बैंक संबंधी कार्यों के लिए उनकी सेवाओं से लाभान्वित हो सकेंगे ज्ञात है कि एचडीएफसी बैंक अपनी ग्राहक संबंधी सेवाओं के लिए जाना जाता है और यहां पर बैंकिंग संबंधी सुविधाएं लोगों को उपलब्ध हो सकेंगे

# खेड़ापति हनुमान मंदिरों में होंगे श्री हनुमान चालीसा के 51 हजार पाठ

### कोलार से होगा शुभारंभ, हनुमान जन्मोत्सव तक चलेगा पाठ

**संत हिरदाराम नगर।** नववर्ष 2023 में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के समस्त खेड़ापति श्री हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान चालीसा पाठ का यह संकल्प आगामी श्री हनुमान जन्मोत्सव तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम को लेकर संत हिरदाराम नगर में बैठक रखी गई। जिसमें कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश कांग्रेस महासचिव विष्णु विश्वकर्मा ने बताया कि नववर्ष के पहले मंगलवार 3 जनवरी से कोलार के बीमाकुंज से इस प्रकल्प का शुभारम्भ किया जाएगा। तीन माह से अधिक अवधि के इस प्रकल्प की सारी तैयारियां हो चुकीं हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं विशेष अतिथि पूर्व मंत्री मुकेश नायक होंगे। कोलार से कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद हुजूर विधानसभा क्षेत्र के सभी खेड़ापति हनुमान मंदिरों में कुल 51 हजार श्री हनुमान चालीसा पाठ किये जायेंगे। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य गदा समर्पण यात्रा और भंडारे के साथ छींद धाम में यह संकल्प पूर्ण होगा।



## एक दर्जन से अधिक दुकानों पर 9 लाख का जुर्माना

**भोपाल ।** खड़े सुरक्षा विभाग के द्वारा पूर्व में की गई कार्यवाही जिसमें अमानक खाद्य पदार्थ के नमूने , बिना पंजीयन सहित अन्य पर प्रकरण दर्ज किए गए थे और खड़े पदार्थों के नमूने जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजे गए थे जिसमें अमानक पाए । सभी अमानक पदार्थ विक्रेताओं व संचालकों पर शुक्रवार को जुर्माने की कार्यवाही की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दिलीप यादव के द्वारा खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत 36 प्रकरणों में निर्णय पारित करते हुए कुल 9.05 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है । शिव मावा एण्ड ट्रांसपोर्ट कम्पनी मोर बाजार लशकर ग्वालियर चौराहा जवाहर चौक, कैफे एलेक्जर एम.पी.नगर, आदर्श एजेन्सी छोला,-नूर बेकरी पुष्पा नगर, मॉ नर्मदा प्रोडक्ट, रंच किचन लॉन्च, सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल, मावा तथा अन्य मिठाइयों के कुल 8 नमूने अवमानक पाये गये थे ।

## स्वच्छता अभियान एवं कोविड जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक




**भोपाल।** संस्कृति संचालनालय के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान एवं कोविड जागरूकता अभियान के तहत् नवोदय बायोक्योर हैल्थकेयर एवं वैलफेयर सोसाइटी भोपाल द्वारा नेहरू नगर हाट बाज़ार में शाम 4:30 बजे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता और कोविड के प्रति जागरूकता पर जानकारी बहुत ही रोचक अंदाज़ में नाट्य रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संस्था के सभी सदस्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष, सुनील सुडेले उपाध्यक्ष, योगेन्द्र शर्मा, दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि कोरोना महामारी फिर से आपने पैर पसारने को अग्रसर है, इसलिए हम सभी को कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने दैनिक कर्तव्य का निर्वहन करते रहें।

# नए साल में 162 सर्वार्थ सिद्धि योग, 143 रवि योग, 33 अमृत सिद्धि योग रहेंगे

**शिव, सिद्ध, सर्वार्थ सिद्धि, रवि, बुधादित्य योगों के साथ अश्विनी नक्षत्र में नव वर्ष का शुभारंभ**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इस बार नया वर्ष 2023 रविवार को अश्विनी नक्षत्र में प्रारंभ होगा। नववर्ष के पहले दिन सूर्योदय काल के समय चंद्रमा मेष राशि में गुरु मीन राशि में मार्गी बुध अस्त होगा तथा शनि मकर राशि में चलित रहेंगे। कैलेंडर वर्ष 2023 के कई महत्वपूर्ण योग बन रहे हैं। शिव, सिद्ध, सर्वार्थ सिद्धि, रवि, बुधादित्य योगों के साथ अश्विनी नक्षत्र में नव वर्ष का शुभारंभ। नववर्ष का शुभारंभ कन्या लग्न में होगा। सुर्योदय, धनु लग्न में रहेगा। नए साल में 162 सर्वार्थसिद्धि योग, 143 रवि योग, 33 अमृत सिद्धि योग रहेंगे।

सुर्य 15 जनवरी को धनु से मकर में प्रवेश करेगा। चंद्र सवा दो दिन में बदलते रहते हैं। मंगल 12 मार्च रात्रि 1 बजे से वृषभ से मिथून राशि में , बुध 7 फरवरी से धनु से मकर में, गुरू 22 अप्रेल को मीन से मेष राशि में, शुक्र 22 जनवरी को मकर से कुंभ में, शनि 17 जनवरी को मकर से कुंभ राशि में, राहु 30 अक्टूबर को मेष से मीन राशि में, केतू 30 अक्टूबर को तुला से कन्या राशि में प्रवेश करेगा।

विकास के दृष्टिकोण से भारत के लिए 2023 अच्छा रहेगा विकास होगा तथा लोगों की इनकम पड़ेगी अर्थात प्रति व्यक्ति भी बढ़ेगी। व्यापार तथा उद्योग विकास के नए-नए अवसर प्राप्त होने के योग बनेंगे।

माँ चामुण्डा दरबाद के पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 जनवरी को सुर्य धनु से मकर में रात्रि 3 बजकर 10 मिनट पर प्रवेश करेंगे।

15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व पुण्यकाल सुर्योदय से अस्त तक दिनभर रहेगा। पवित्र नदियों में स्नान दान पुण्य होंगे। खिचड़ी, तिल्ली के लड्डू, कंबल, गरम कपड़े दान करना लाभ देगा। वाहन बराह , उपवाहन वृष, वस्त्र हरा, चंदन लेपन रहेगा।

मेष-लाभ, वृष-तनाव, मिथुन-सुख, कर्क-पदोन्नति, सिंह-भूमि लाभ, कन्या-रोग,कष्ट, तुला-सफलता, वृश्चिक-स्थानान्तरण, धनु-स मान, मकर-कष्ट, कुंभ-यश प्राप्ती, मीन-मांगलीक कार्य होंगे।

नववर्ष में 94 दिन सर्वार्थसिद्धि योग, 21 दिन अमृत सिद्धि योग, चार गुरू पुष्य दो बार रवि पुष्य के अलावा अन्य दिन पुष्य नक्षत्र रहेगा।

**ये रहेंगी शुभ विवाह की तिथियां**

नववर्ष 2023 में शुभ विवाह की तिथियां

जनवरी: 15, 16, 17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27-10 दिन

26 जनवरी बसंत पंचमी को शादियों का अबूझ महुर्त।

फरवरी: 1, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 27, 28-18 दिन

18 फरवरी महाशिवरात्री को शादी का अबूझ महुर्त वर्षां बाद। परिघ व शिवयोग में वर्षों बाद शिवरात्रि पर बना शादी के लिए मुहूर्त: वर्ष 2023 में 18 फरवरी को आने वाली शिवरात्रि इस बार बेहद शुभ है। क्योंकि इस दिन कई विशेष योग बन रहे हैं। महाशिवरात्रि पर तीन ग्रहों के एक राशि में उपस्थित होने के कारण त्रिग्रही योग बन रहा है। वहीं परिघ और शिव योग भी रहेगा। इन शुभ योगों में महादेव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस दिन विवाह समारोह की तिथि बेहद शुभ है।

मार्च: 1, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14-9 दिन

15 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन के सूर्य खरमास में शादियां बंद रहेंगी।

गुरू शुक्र 21 मार्च से 29 अप्रैल तक अस्त रहेंगे।

22 अप्रैल को अक्षय तृतिया शादी का अबूझ महुर्त माना गया है परंतु ज्योतिष्य शास्त्र अनुसार गुरू अस्त हाने के कारण शादी वर्जित मानी गई हैं। शादियां नहीं होंगी।

अप्रैल: 30 (1 दिन)

मई: 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 22, 26, 27, 28, 29, 30, 31-22 दिन सर्वाधिक शादियां होंगी।

जून: 1, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 12, 13, 22, 23, 25, 26, 27, 28-15 दिन शादी।

27 जून भड़ली नवमी गुप्त नवरात्री में शादी का अबूझ महुर्त।

29 जून देवशयनी एकादशी से 23 नवंबर देव उठनी एकादशी चतुर्थमास में र्कक, सिंह, कन्या, तुला के सूर्य में चार माह शादियां बंद रहेंगी।

नवंबर: 24, 27, 28, 29-4 दिन शादी।

दिसंबर: 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 13, 14, 15-10 दिन शादी। 16 दिसंबर से 14 जनवरी 2024 तक धनु के सूर्य खरमास में शादियां बंद रहेंगी।

**नववर्ष में सोमवती अमावस**

20 फरवरी, 17 जुलाई, 13 नवंबर को वर्ष में तीन सोमवती अमावस्या आवेंगी।

श्रावण मास दो रहेंगे। 4 जुलाई से 2 अगस्त प्रथम श्रावण मास रहेगा। 2 अगस्त से 31 अगस्त तक द्वितीय श्रावण मास रहेगा। जुलाई 10, 17, 24 अगस्त 7, 14, 21, 28 को श्रावण सोमवार सात रहेंगे। इस वर्ष में चर्तुमास की जगह पंचम मास रहेगा।

**नववर्ष में ग्रहण**

20 अप्रेल सुर्यग्रहण, 5 मई चंद्रग्रहण, 14 अक्टूबर सुर्यग्रहण यह भारत में नही दिखाई देंगे, 28 अक्टूबर चंद्रग्रहण, यह भारत में दिखाई देगा।

### नववर्ष में राशियों पर असर

मेष, वृश्चिक: इन राशि के जातकों सफलता तो मिलेगी। लेकिन इसके लिए आपको संघर्ष करना पड़ेगा।

वृष, तुला: इन दोनों राशियों के लिए नया साल शिक्षा के क्षेत्र में लाभ दिलाएगा। तो वहीं अगर आप नौकरी पेशा है तो आपको प्रमोशन भी मिल सकता है।

मिथुन और कन्या: सभी प्रकार के सुखों में वृद्धि होगी। तो वहीं इन्हें भी इंक्रीमेंट मिल सकता है।

कर्क: कर्क राशि के जातकों को नया साल कुछ मानसिक तनाव लेकर आ सकता है।

सिंह: सिंह राशि वालों को मेहनत करनी पड़ेगी। इसी के बाद आपको सफलता मिलेगी।

धनु: धनु राशि वालों के अभी तक रुके कार्य पूरे होंगे। साथ ही इस राशि वालों को धर्म लाभ मिलने लगेगा।

कुंभ, मकर: इन दोनों ही राशि के जातकों पर पारिवारिक जि मेदारियां बढ़ सकती हैं। तो वहीं वाहन सुख—सुविधाओं में वृद्धि होगी। लेकिन ये साल विवादों भरा रह सकता है। इसलिए कोशिश करें कि विवादों से दूर रहें।

मीन: मीन राशि वालों को मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इनको पूजन करने से लाभ होगा।

# भू-माफिया के अतिक्रमण से मुक्त कराई जमीनों पर बनेंगी सुराज कालोनियां

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भू-माफियाओं को मध्यप्रदेश से नेस्तनाबूद करने के दृढ़- संकल्प को अमली जामा पहनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2022 में 23 हजार एकड़ से अधिक अतिक्रमित शासकीय भूमि को भू-माफियाओं से मुक्त कराया है। अब इस भूमि पर सुशासन की नई इबारत लिखने के मुख्यमंत्री के सपने को साकार करने गरीब आवासहीन परिवारों के लिए 卐सुराज कालोनियाँ卐 बसाई जायेंगी। भोपाल के नीलबड़ क्षेत्र से इसकी शुरूआत भी हो गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रदेश में जनहित में की जा रही सख्त कार्यवाही से गुण्डे, बदमाश और माफिया खौफज़दा हैं। जन-कल्याण के लिए सख्त फैसले लिये जा रहे हैं। गरीब आवासहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिये सरकार भू-माफियाओं के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई 15 हजार करोड़ रूपये से अधिक के मूल्य की 23 हजार एकड़ से अधिक भूमि का उपयोग किया जायेगा। इन पर गरीबों के लिये सुराज कालोनियाँ बसाई जायेंगी।

सरकार की दृढ़-इच्छाशक्ति भू-माफियाओं से करोड़ों रूपये की बेशकीमती जमीन से न केवल मुक्त कराई जा सकी है बल्कि इससे भू-माफियाओं के आतंक से भी जनता को राहत मिली है। इसी सप्ताह मंगलवार को खरगोन के मांगरूल रोड पर भू-माफिया योगेश ठक्कर से 60 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की 11 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई । इस वर्ष 2022 में ही जबलपुर के थाना बरेला के आदतन अपराधी अब्दुल रज्जाक के कब्जे से 13 करोड़ रूपये मूल्य की 2.5 एकड़ जमीन और माढ़ोताल तालाब की 280 करोड़ रूपये की 40 एकड़ शासकीय भूमि मुक्त कराई गई। मंदसौर के सीतामऊ के फरार आरोपी अमजद लाला और रूस्तम पिता शेर बहादुर के कब्जे से ग्राम बेलारी की 13 करोड़ रूपये मूल्य की 4 एकड़ शासकीय जमीन को मुक्त कराया गया। गुना के कश्मीरा जाट के कब्जे से 20 बीघा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी प्रकार देवास के बागली थाने के अपराधी नब्बू खान के कब्जे से वन विभाग की 2.53 एक भूमि मुक्त कराई गई। सिंगरौली के जिला बदर भू-माफिया सुरेश चौरसिया के कब्जे से सवा करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की की 5 एकड़ शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 18 दिसम्बर को भू-माफियाओं से मुक्त कराई गई जमीन पर आवासहीन गरीब लोगों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नीलबढ़ क्षेत्र के ग्राम कलखेड़ा में 40 एकड़ भूमि पर सुराज कालोनी निर्माण का भूमिपूजन किया। कलखेड़ा में भू-माफिया इसरार खान, प्रताप राजवंश, श्याम सिरौनिया के अनाधिकृत कब्जे से 100 करोड़ रूपये के बाजार मूल्य की 40 एकड़ भूमि को मुक्त कराया गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देशानुसार सरकार द्वारा प्रतिबद्ध होकर भू-माफियाओं को जड़-मूल से नष्ट करने के लिये चलाया गया अभियान बदस्तूर जारी रहेगा। द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में प्रदेश में भू-माफियाओं के प्रति किसी भी प्रकार की कोई रियायत न बरती जा रही है, न बरती जायेगी।

## केंद्रीय साहित्य अकादमी में प्रो. खेमसिंह डहेरिया का चयन



**भोपाल।** केंद्रीय साहित्य अकादमी, नई दिल्ली में सदस्यों के चुनाव में मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों में से एकमात्र स्थान के लिए अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. खेमसिंह डहेरिया का चयन हुआ है। प्रो. खेमसिंह डहेरिया हिंदी के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देते आ रहे हैं एवं विभिन्न केंद्रीय समितियों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश एवं विश्वविद्यालय के लिए बड़ा गौरव का विषय है । प्रो. डहेरिया जी का हिंदी के प्रति प्रेम व दृढ़ निश्चियता एवं उनकी कार्यशैली से सभी को मार्गदर्शन तथा प्रेरणा मिलती रहती है। हिंदी विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस महत्पूर्ण कार्य के लिए उनके चयन होने पर बधाई दी है।

## मप्र भ्रष्टाचार का माडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष को ही देना पड़ रही है रिश्वतः संगीता शर्मा

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा है कि भाजपा मध्यप्रदेश के विकास माडल की बात करती है, लेकिन उसी पार्टी के मंडल अध्यक्ष को रिश्वत देना पड़ रही है। यह मध्यप्रदेश का भ्रष्टाचार माडल है, जहां कोई काम बिना रिश्वत के नहीं होता। तबादला-पोस्टिंग से लेकर किसानों को खाद-बीज भी बिना लेन देन के नहीं होता। सुश्री शर्मा ने कहा है- उमरिया जिले के पिपरिया के भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने साफ कहा है कि धान खरीदी के लिए उन्हें पैसे देने पड़े तब उनकी धान खरीदी गई। मुख्यमंत्री सुनें , भाजपा मंडल अध्यक्ष को धान खरीदी केंद्र में रिश्वत देना पड़ी, जबकि वे भाजपा के स्थापित नेता है जनजाति कल्याण मंत्री मीना सिंह के खास व्यक्ति है। उन्होंने रिश्वत के रूप में दी गई राशि को वापस प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टर से गुहार लगाई। जब संगठन के मुखिया को ही रिश्वत देनी पड़ रही है तब आम जनमानस का क्या हाल होगा?

## धनोपिया के जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम

**भोपाल।** 1 जनवरी रविवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं प्रभारी समस्त विभाग प्रकोष्ठ जेपी धनोपिया के जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में म.प्र. कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग भार्गव द्वारा दोपहर 12 बजे प्रकोष्ठ एवं विभाग के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# निगम स्वामित्व के तालाबों में 132 नावों का पंजीयन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम स्वामित्व के तालाबा में बोट, नाव,क्रूज संचालन हेतु पंजीयन एवं वार्षिक शुल्क जमा करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। शुक्रवार को मेन्यूअल बोट व पेडल बोट संचालकों ने 61 बोटों का पंजीयन निर्धारित शुल्क जमा कर कराया। अभी तक विभिन्न प्रकार की 132 बोट्स/नाव का पंजीयन किया जा चुका है जबकि 01 मेन्यूअल नाव का वार्षिक शुल्क भी जमा किया गया है। निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा निगम स्वामित्व के बड़े तालाब, छोटा तालाब, शाहपुरा तालाब, मोतिया तालाब, सिद्दीक हसन खां तालाब, मुंशी हुसैन खां तालाब एवं चार इमली तालाब में नावों/बोट्स के संचालन हेतु स्थायी आदेशानुसार पंजीयन एवं वार्षिक शुल्क की राशि जमा कराकर नावों/बोट/क्रूज का पंजीयन एवं संचालन की कार्यवाही के क्रम में 27 मेन्यूअल बोट्स का पंजीयन किया गया जबकि 34 पेडल बोट्स का रजिस्टेªशन संचालकों ने कराया।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी द्वारा जारी स्थायी आदेशानुसार निगम स्वामित्व के तालाबों में 10 सीटर तक की मेन्यूअल बोट/नाव/कश्ती के पंजीयन हेतु 200 रुपये तथा वार्षिक शुल्क के रूप में 6 हजार रुपये की राशि निर्धारित की गई है जबकि 04 सीटर पेडल बोट, 05 सीटर मोटर बोट/स्कूटर/पेरासिलींग बोट/जलपरी के पंजीयन हेतु 300 रुपये तथा वार्षिक शुल्क 12 हजार रुपये, क्रूज संचालन के पंजीयन हेतु 500 रुपये तथा वार्षिक शुल्क हेतु 15 हजार रुपये, मतस्य पालन हेतु उपयोग की जाने वाली नाव,कश्ती,बोट का केवल 200 रुपये पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु नाव, रोविंग,मोटर बोट,सेलिंग बोट आदि के पंजीयन हेतु 200 रुपये तथा वार्षिक शुल्क के रूप में 02 हजार रुपये निर्धारित किए है। तालाबों में नाव/बोट/क्रूज आदि का संचालन निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीट और रोगों के परिणाम स्वरूप अधि सूचित फसल में से किसी की विफलता की स्थिति में किसानों को बीमा कव्हरेज और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सुमन प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत भोपाल जिले में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी कृषकों को यह सूचित किया जाता है कि योजना अंतर्गत रबी फसल के लिए 2022 सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर और बटाईदार किसानों के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022 है।

## तेन्दुए के शिकार में शामिल वारंटी एवं मुख्य ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल ।** म.प्र. स्टेट टाईगर स्ट्राइक फोर्स इन्दौर द्वारा वन परिक्षेत्र इन्दौर में एक वन्य-प्राणी तेन्दुए के शिकार में शामिल वारंटी एवं मुख्य ईनामी आरोपी मोहनलाल डाबी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल इन्दौर भेजा गया है। मुख्य आरोपी पर पाँच हजार रूपए का इनाम घोषित था। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-प्राणी) श्री जे.एस. चौहान ने बताया कि 10 जुलाई 2020 को वन अमले को एक घायल तेन्दुए की सूचना मिलने पर रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल लाया गया था। तेन्दुए के मस्तिष्क और अन्य भाग में 46 नग लोहे के छर्रे होना पाए गए 7 टाइगर रिजर्व द्वारा प्रकरण की विवेचना के बाद घायल तेन्दुए के शिकार में संलिप्त 4 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से जीवित वन्य-प्राणी कछुआ, जंगली सुअर के 6 नग जबड़े और 2 बन्दूक जप्त की गई। प्रकरण में कुल 6 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## परामर्श समिति का गठन

भोपाल। राज्य शासन ने सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहलुओं, संवेदनशील/विशेष आकस्मिक परिस्थितियों में संबंधित विषयों के निर्णय लेने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत गठित 卐 राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम के क्रियाकलाप एवं सुपरवीजन के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक नीति निर्माण, मार्गदर्शन एवं सलाह देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में परामर्श समिति का गठन किया हैं। यह समिति स्थायी स्वरूप की होगी। समिति में सचिव इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत शासन के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक अथवा उनके प्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गृह, वित्त, प्रमुख सचिव/सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, महानिदेशक सर्ट-इन प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास, विभागाध्यक्ष (कम्प्यूटर साइंस) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, एन.सी.आई.आई.पी.सी. के प्रतिनिधि, राज्य सूचना अधिकारी-एन.आई.सी., महानिदेशक/ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य सायबर पुलिस, अन्य कोई विशेषज्ञ जैसा यह समिति निर्णय करें सदस्य होगें।

## विधायक ने किया हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण

**भोपाल ।** विधायक कृष्णा गौर ने क्षेत्रीय पार्षद मधु शिवनानी की उपस्थिति में वार्ड क्र. 61 के अंतर्गत पूर्वांचल फेस-2 में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया साथ ही वार्ड 61 के गोपाल नगर से खजूरीकला मुख्य मार्ग के डामरीकरण कार्य तथा शिवलोक फेस-3 में बाल उद्यान विकास हेतु भूमिपूजन किया।इस अवसर पर पार्षदद्वय शिवलाल मकोरिया व बी.शक्तिराव के अलावा किशन बंजारे, संजय शिवनानी, अरविन्द जैन, नवीन गूर्जर, राजेश प्रजापति, विवेक दत्त, आनन्द पाठक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



## महापौर भागवत कथा के समापन में हुई सम्मिलित



**भोपाल ।** महापौर मालती राय ने रामलीला मैदान ई-सेक्टर विजय मार्केट बरखेड़ा भेल में श्रम श्री संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के समापन के अवसर पर सम्मिलित होकर भागवत कथा का श्रवण किया और व्यास पीठ का पूजनकर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 56 के पार्षद नीरज सिंह, पूर्व पार्षद महेश मालवीय, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र पप्पू राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## बसंत गृह निर्माण सहकारी संस्था को अवैधानिक कार्य के लिए कारण बताओ नोटिस

**भोपाल ।** उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं विनोद कुमार सिंह द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत बसंत गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष एवं उनके सदस्यों को संस्था में अवैधानिक कार्य की जांच के लिए अतिरिक्त कारण बताओ सूचना पत्र द्वारा जारी किया गया। उप पंजीयक श्री सिंह ने बताया कि बसंत गृह निर्माण सहकारी संस्थाएं मर्यादित भोपाल के अवैधानिक कार्यों की शिकायत होने पर उनके अध्यक्ष मंसूर अली पिता इफ्तेखार खान, पदाधिकारी मोहम्मद फईम, नुजहत जहाँ, मोहम्मद अबीद खान, सुलेमान बेग, नावेद खान, शाहिन अलीम खान, इरशाद अहमद, अब्दुल सबूर खान, मोहम्मद फारूख खान, इमरान अहमद, मो. फरलान बेग और श्रीमती नूरउलसबा को अतिरिक्त कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उप पंजीयक श्री सिंह ने बताया कि अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को 4 जनवरी 2023 को कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला भोपाल डी ब्लाक पुराना सचिवालय में दोपहर 12 बजे उपस्थित होने के लिए आदेश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के उपस्थित नहीं होने पर अथवा उत्तर प्रस्तुत नहीं करने और उत्तर समाधानकारक नहीं पाए जाने पर एक पक्षीय आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय अब नए भवन में

**भोपाल ।** सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय का कार्यालय नव-निर्मित भवन में स्थानांतरित हो गया है। नव वर्ष से सभी विभागीय कार्यों का संचालन पत्रकार कॉलोनी, स्थित नवीन भवन से ही होगा। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण ने बताया कि अब संचालनालय से संपर्क एवं पत्राचार के लिए नया पता सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश, पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3, भोपाल होगा। संचालनालय का फोन नबंर 0755-2556916 और ईमेल- dir.socialjustice@mp.gov.in है।

## स्कूल में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग , दिया ज्ञापन



**भोपाल ।** फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंदेरी की सरपंच ममता ओम प्रकाश अहिरवार ने ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट एवं सभापति शिक्षा विभाग को जिला पंचायत कार्यालय भोपाल में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्कूल की बाउंड्री वॉल बनवाने, नाली निर्माण एवं पंचायत चंदेरी में स्थाई सचिव की नियुक्ति करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सभापति स्कूल शिक्षा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने सरपंच एवं ग्रामीणों को शीघ्र की समस्या का निराकरण कर अपनी जिला पंचायत निधि से स्कूल कीबाउंड्री वाल बनवाने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह से मिलकर सिर के स्थाई सचिव नियुक्त करने का भरोसा भी ग्रामीणों को दिलाया।इस अवसर पर मलखान सिंह पाल, सुरजन सिंह ठाकुर, पर्वत सिंह लोधी, मोहर सिंह, वीरेन जाट, शिवप्रसाद, अजय अहिरवार आदि उपस्थित थे।

## पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए मतदान दलों को दिया प्रशिक्षण

**भोपाल ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत आम / उप निर्वाचन 2022 उत्तरार्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में 5 जनवरी को जिले में एक सरपंच पद ग्राम पंचायत करारिया और 1051 पंच पदों के लिए उप चुनाव किए जाने के लिए जिला पंचायत भोपाल में मास्टर ट्रेनर डॉ. एस.के. कम्भारे, डॉ. जीतेन्द्र परमार एवं डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया।मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण में मतदान दलों को मतदान सामग्री लेने से लेकर मतदान संपन्न कराने तक की सभी जानकारी दी गई। मतदान में आने वाली कठिनाईया आने पर क्या किया जाए उसके बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण में बताया गया। इसके बारें में भी मतदान दलों को बताया गया। मतदान दलों को चुनावी प्रक्रिया के दौरान आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## सामान्य वर्ग आयोग करेगा संभाग स्तरीय कार्यक्रम: शिव कुमार चौबे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग नव वर्ष में प्रदेश के सभी संभागों में कार्यक्रम आयोजित करेगा। आयोग के अध्यक्ष श्री शिव कुमार चौबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि संभाग स्तरीय कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधि समान्य वर्ग के प्रबुद्ध नागरिक भागीदारी करेंगे। बैठक में सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग के सभी संभाग से संयुक्त संचालक, उप संचालक और संचालनालय के अधिकारी मौजूद थे। अध्यक्ष चौबे ने कहा कि सामाजिक समरसता राज्य शासन का मूल मंत्र है। संभाग स्तर पर होने वाले इन विशेष आयोजनों से सभी वर्गों की भागीदारी बढ़ेगी और उनके विचार शासन तक पहुँच सकेगें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गोष्ठी, संवाद, विचार-विमर्श एवं चिंतन का दौर आयोग द्वारा सतत जारी है। प्रदेश सरकार सामान्य निर्धन वर्ग के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।



## प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नत

**भोपाल।** राज्य शासन ने प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार तथा प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा आयुक्त तकनीकी शिक्षा एवं आयुक्त रेशम (अतिरिक्त प्रभार) मनु श्रीवास्तव को मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार तथा अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा आयुक्त तकनीकी शिक्षा एवं आयुक्त रेशम (अतिरिक्त प्रभार) बनाया गया है।

सम्पादकीय

# नया सोचें, मिलकर चलें

हम ये कह सकते हैं कि अंग्रेजी साल बीत रहा है। परंतु पूरी दुनिया के साथ ही हमारे देश में भी अधिकृत तौर पर इसे ही माना जाता है, तारीखों की गणना इसी के आधार पर की जाती है, इसलिए हम भी मान लेते हैं कि नया साल आने वाला है। और नए साल के लिए हम कुछ नए लक्ष्य तय करते हैं। बीते बरस में मिली असफलताओं, पीड़ाओं को भुलाने का अवसर होता है, तो समस्याओं को सुलझाने की नई ऊर्जा एकत्र करने का अवसर भी।

एक और साल 2022 बस जाने को है। हो सकता है ये साल बहुत अच्छा नहीं गया हो, पर उससे पिछले साल से तो कुछ बेहतर था। जब कोविड ने पूरी दुनिया सहित भारत में हाहाकार मचाया था। इस साल में कुछ रिकवरी हुई, तो कई लोगों को बड़े झटके भी मिले होंगे। खैर, आज हम फिर एक बार उस मोड़ पर खड़े हैं, जब अपनी जिंदगी बेहतर बनाने के लिए कोई नया संकल्प ले सकते हैं। कोई बुरी आदत छोड़ सकते हैं, कोई एक अच्छी आदत अपना सकते हैं। नए साल की दहलीज पर ऐसे संकल्प दुनियाभर में लिए जाते हैं। हम खुद से कोई न कोई वादा करते हैं, कुछ पूरे कर लिए जाते हैं, लेकिन आमतौर पर अमल में चूक जाते हैं।

एक अध्ययन कहता है कि 80 प्रतिशत लोग तो फरवरी आते-आते नए साल पर खुद से किए वादे भूल भी जाते हैं। 12 प्रतिशत अगले कुछ महीनों में संकल्प छोड़ देते हैं। सिर्फ 8 प्रतिशत लोग ही अपने वादे पूरे कर पाते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, बिना योजना बनाए किसी भावावेश में लिया संकल्प या फैसला लंबे समय तक नहीं टिकता। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान और न्यूरोसाइंस के एसोसिएट प्रोफेसर वैन बावेल और लेहिग यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पैकर नए साल का संकल्प पूरा कर पाने का कारगर तरीका बताते हैं। वे कहते हैं कि नए साल का संकल्प अकेले लेने की बजाय समूह के साथ लें। सिर्फ खुद से न कहें, बल्कि समूह बनाएं और सभी आपस में बताएं कि इस साल आप क्या करने या बदलने वाले हैं।

असल में समूह का एक दबाव होता है। यह लोगों को अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद करता है और जिम्मेदारियों का भी एहसास कराता है। जैसे अगर आप किताबें पढ़ने का संकल्प ले रहे हैं तो किसी स्टडी ग्रुप के साथ जुड़ जाइए। स्वस्थ रहने का संकल्प ले रहे हैं तो या तो और लोगों को अपने साथ जोड़िए या फिर खुद किसी समूह से जुड़ जाइए। यह शोध करने वाले मनोवैज्ञानिक कहते हैं - इस बार भी हम वही संकल्प ले रहे हैं, जो पिछले साल लिया था। इससे पहले 2021 और 2020 में भी लगभग यही संकल्प था। जाहिर सी बात है संकल्प पूरे नहीं हुए और हर साल फिर वही संकल्प दोहराए जाते रहे। अमूमन यह सबके साथ होता है। साल बदलते हैं, लेकिन उनके संकल्प लगभग पिछली बार वाले ही रहते हैं।

हम यदि अपने देश की बात करें तो हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों से माहौल बदला हुआ है। परिवारों में बिखराव बढ़ता दिख रहा है। समाज में टूटन का पीड़ादायक वातावरण बना हुआ है। परिवार केवल समाज की इकाई ही नहीं होता, हमें अवसाद, तनाव और तमाम समस्याओं से बचाता भी है। हां, परिवार की एक शर्त है, समर्पण और निष्ठा। एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना। इसलिए बेहतर होगा कि हम अपने रिश्तों के लिए रिजोल्यूशन बनाएं। हम अपने परिवार को कितना समय दे रहे हैं। इसे याद करें। हम अक्सर दूसरों की गलतियां और कमियों की सूची बनाने लगते हैं, लेकिन हमें देखना होगा कि हमने सामने वाले के लिए हमने क्या किया? उसका कितना ख्याल रखा? संबंधों को समय का निवेश चाहिए। अपने साथी से बात कीजिए, साथी के साथ ही परिजनों और खासकर बच्चों के लिए समय निकालना होगा। एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें तो संबंध गहरे होंगे और जिंदगी बेहतर होगी।

परिवार के लिए हम अपनी समझ विकसित करेंगे तो समाज के लिए भी कुछ कर पाएंगे। कोई संगठन बनाना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए। पार्टी और संगठन के नाम पर हम स्वयं को आगे बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चलते हैं, जबकि संगठन का अर्थ होता है, एक-दूसरे को साथ लेकर आगे बढ़ना। एक-दूसरे पर भरोसा करना। ऐसा कोई काम न करें, जिससे दूसरों को तकलीफ हो। करके देखें। हर चीज में राजनीति या तर्क-कुतर्क की आवश्यकता नहीं होती। और जीवन यदि सरल बनाना है तो इफ एंड बट को एक तरफ रखना ही चाहिए। जाते हुए साल को खुशी-खुशी विदा करें और नए साल का प्रसन्नता के साथ, नई ऊर्जा के साथ और नए लक्ष्यों के साथ स्वागत करें। सकारात्मक भाव ही हमें नयापन देगा। नई ऊर्जा देगा और लक्ष्यों को पूरा करने की शक्ति।

# अर्श पर मोदी, शीर्ष पर मां

## सत्ता की सादगी के नवीन प्रतिमान

**डॉ.ब्रह्मदीप अलूने**

आशाओं,अपेक्षाओं,असाधारण कार्यों के लिए ख्यात लेकिन विपक्षी आलोचनाओं के भी केंद्र में रहने वाले पीएम मोदी के राजनीतिक जीवन में मां का स्थान और उनकी भूमिका चमत्कृत करती रही है। आम भारतीयों के लिए पीएम के साथ मां की तस्वीर ऐसा आकर्षण का केंद्र है जिसमें अनंत संभावनाएं और भारतीय जीवन के उच्च मूल्य दिखाई देते है। भारतीय परिवेश की विभिन्नता के बीच,देश के अलग अलग क्षेत्रों में की गई सभाओं में पीएम ने महिलाओं की समस्याओं को समझने के लिए अपनी मां के संघर्षों को कई बार याद करते रहे है। मसलन मोदी जब यह बताते है कि मेरी मां को अक्षर ज्ञान भी नसीब नहीं हुआ,उन्होंने स्कूल का दरवाज़ा भी नहीं देखा। उन्होंने देखी तो सिर्फ गरीबी और घर में हर तरफ अभाव। इससे साफ है कि अपार जनसमूह के बीच मां के जीवन की कहानियों में वह आम भारतीय समाज नजर आता है जहां पर महिलाएं अशिक्षा,अभावों और गरीबी से जूझते हुए भी अपने परिवार और बच्चों की बेहतरी के लिए कड़ी मेहनत करती है। पीएम यहां उन मजबूर करोड़ों लोगों और मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते नजर आते है।

पीएम के भाषणों में मां का जीवन स्वतः ही भारत की करोड़ों माताओं की सच्चाई को जाति,भाषा या क्षेत्र से परे हटकर जोड़ देता है। भारत के किसी भी इलाके में चले जाइये,महिलाओं की मजबूरियां और चुनौतियां कम नहीं है,फिर भी अपने परिवार और बच्चों की बेहतरी के लिए काम करने का जज्बा भी कम नहीं दिखता। आदिवासी और पिछड़े समाज की हकीकत पीएम मोदी की मां के जीवन में दिखाई पड़ती है। पीएम मोदी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला नाम की चूल्हा योजना ने गरीबों को खूब आकर्षित किया।

अपने अभावों और अनुभवों को वे बयां करते हुए साफ कहते है कि वडनगर के जिस घर में हम लोग रहा करते थे वो बहुत ही छोटा था। उस घर में कोई खिड़की नहीं थी,कोई बाथरूम नहीं था,कोई शौचालय नहीं था। कुल मिलाकर मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत से बना वो एक-डेढ़ कमरे का ढांचा ही हमारा घर था,उसी में मां-पिताजी,हम सब भाई-बहन रहा करते थे। उस छोटे से घर में मां को खाना बनाने में कुछ सहूलियत रहे इसलिए पिताजी ने घर में बांस की फट्टी और लकड़ी के पटरों की मदद से एक मचान जैसी बनवा दी थी। वही मचान हमारे घर की रसोई थी। मां उसी पर चढ़कर खाना बनाया करती थीं और हम लोग उसी पर बैठकर खाना खाया करते थे।



पीएम जिस घर की बात कहते है वह भारत के करोडो लोगों की गरीबी की एक सच्चाई है,जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। करोड़ों लोगों के पास पक्के मकान नहीं है और लोग टूटे या आधे अधूरे घरों में रहते है। पीएम की मां के जीवन का अनुभव उन लोगों की भावनाओं को समझने का व्यावहारिक संदेश होता है। भारतीय समाज में मध्यम वर्ग का आकार 30 फीसदी से अधिक हो गया है और भारत में 14 करोड़ लोग गरीब है। जाहिर है यह वर्ग खुद को प्रधानमंत्री के जीवन से जोड़कर गौरवान्वित तो समझता ही है। भारतीय समाज का गरीब तबका दो जून रोटी के लिए हर दिन जूझता है। कई महिलाएं झाड़ू पोछा करके अपने घर को चलाती है। पीएम मोदी ने समाज के इस वर्ग की सच्चाई को खुद से जोड़कर सार्वजनिक मंचों से यह कहने से परहेज नहीं किया की उनकी मां घर चलाने के लिए दो चार पैसे ज्यादा मिल जाएं, इसके लिए मां दूसरों के घर के बर्तन भी मांजा करती थीं। यहीं नहीं पीएम ने मां की साफ सफाई की आदतों से लेकर घर सजाने के घरेलू और ग्रामीण समाज के तरीकों का भी उल्लेख किया।

यह आधुनिक भारत के करोड़ों लोगों को जोड़ने वाला अनुभव पीएम बेहतर तरीके से प्रस्तुत करते है और यही उनका मध्यम वर्ग और गरीबों में आकर्षण का केंद्र भी बनता है। यह भी दिलचस्प है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में शायद ही किसी मां को 8 साल तक अपने बेटे को देश के सर्वोच्च पद पर प्रधानमंत्री के रूप में विराजित होते देखने का अपने जीवनकाल में सौभाग्य मिला हो। पंडित नेहरु और इंदिरा गांधी,लंबे समय तक देश के प्रधानमंत्री अवश्य रहे हो लेकिन उस समय उनकी मां जीवित नहीं थी। जबकि अटलजी की मां कृष्णा देवी और मनमोहनसिंह की मां अमृत कौर की जानकारियां ही उपलब्ध नहीं है। दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्ष अपनी पत्नी के साथ वैदेशिक यात्राओं पर होते है। हिलेरी क्लिंटन हो या मिशेल ओबामा,वे लोगों के लिए कम आकर्षण का केंद्र नहीं रही। जबकि भारत के पीएम अपने आदर्श के रूप में मां को प्रस्तुत करते है और यह भारतीयता की विशिष्ट छाप है जो सबकों मंत्रमुग्ध कर देती है। अंततः पीएम ने सार्वजनिक मंचों से मां को जिस प्रकार याद किया है वह आम भारत की मां ही की तो तस्वीर है और फिर असल राजनेता तो वही जो जनता को जोड़ने में कामयाब हो जाएं।

पीएम की मां का गुजर जाना किसी भी देश और राजनेताओं के लिए अपूरणीय क्षति के साथ ही एक बड़ी घटना है। यह राष्ट्रीय शोक घोषित हो सकता था और इसमें देश के सर्वोच्च नेताओं,करोड़ों लोगों के साथ वैदेशिक राष्ट्रअध्यक्ष भी शामिल हो सकते थे। लेकिन पीएम मोदी अपने पैतृक गांव पहुंचे,आम भारतीयों की तरह ही स्थानीय शव वाहन में बैठकर अपनी मां के शव को शमशान घाट ल गए और उन्हें मुखाग्नि देकर काम पर लौट गए। पीएम की सादगी का यह अभूतपूर्व व्यवहार भारत के लोकतंत्र का वह चेहरा है जिसकी कल्पना आज़ादी के आंदोलन में की गई थी। जिस दौर में लोकतंत्र अभिजनों के द्वारा अपहृत कर लिया गया हो तथा आम जनता के लिए नेता दूर की कौड़ी हो गये है वहां पीएम ने अपनी मां की अंतिम बिदाई में सादगी और लोक व्यवहार के ऊंचे प्रतिमान स्थापित किए है। उनके धूर राजनीतिक विरोधी इसे स्वीकार भले ही न करें लेकिन वे चमत्कृत हुए बिना भी नहीं रह सकते। बहरहाल मोदी ने एक बार साबित कर दिया की कई नाकामियों के बाद भी भारत के लोगों का भरोसा उन पर क्यों कायम है।

# मां तुम्हें कोई भुला नहीं पाएगा

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

मां हीराबा अब वह नाम है, जिसे कोई भूल नहीं पाएगा। जिस तरह कौशल्या नंदन राम, देवकी नंदन कृष्ण और जीजाबाई नंदन शिवाजी का नाम अमर है, ठीक उसी तरह नरेंद्र दामोदरदास मोदी को हीराबा नंदन नरेंद्र के नाम से ही हमेशा जाना जाएगा। हो सकता है कि नरेंद्र दामोदरदास मोदी अपने नाम के साथ मां का नाम जोड़कर नरेंद्र दामोदरदास हीराबा मोदी कर लें। हालांकि इस बात से भी कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि यह सार्वत्रिक सत्य कोई झुठला नहीं सकता है कि जिस हीरा नरेंद्र की चमक ने पूरी दुनिया की आंखों में चकाचौंध पैदा की थी, उस नरेंद्र की जननी हीराबा ही थी। और इतिहास में जब तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का नाम याद किया जाएगा तो उनकी मां हीराबा का नाम कोई भुला नहीं पाएगा। जाना हर किसी को है, सो नरेंद्र मोदी की मां हीराबा भी अनंत की यात्रा पर चली गईं। पर नरेंद्र मोदी ने जिस तरह मां के साथ रहने में कभी दिखावा नहीं किया, ठीक उसी तरह बिना किसी दिखावे के मां को अंतिम विदाई भी दे दी। सुबह मां के महाप्रयाण की सूचना दी। लिखा कि शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। सुबह 7:45 बजे अहमदाबाद पहुंचे। यहां से वे सीधे गांधीनगर के रायसण गांव में भाई पंकज मोदी के घर गए। पार्थिव देह यहीं रखी गई थी। मां की पार्थिव देह को नमन किया।अंतिम यात्रा शुरू हुई और सेक्टर-30 स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मां हीराबा शुक्रवार सुबह



9:26 बजे पंचतत्व में विलीन हो गईं।

नरेंद्र मोदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम सफर के दौरान वे मां की पार्थिव देह कंधे पर लेकर गांधी नगर स्थित घर से निकले। यात्रा के दौरान वे शव वाहन में ही पार्थिव देह के करीब बैठे रहे। मुखाग्नि के दौरान वे मां को एक टक निहारते रहे। अंतिम संस्कार करने के बाद मोदी काफी देर तक वहीं खड़े रहे। मां की चिता को देखते रहे। अंतिम संस्कार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के राजभवन गए। वहां से वे बंगाल में चल रही गंगा परिषद की बैठक से वर्चुअली जुड़े। सुबह 11:40 बजे बंगाल में हो रहे कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े वंदे भारत ट्रेन समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मौजूद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता और दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बोले- निजी कारणों से नहीं आ सका। क्षमा करें। देर शाम प्रधानमंत्री एक बार फिर गांधी नगर स्थित अपने घर गए और परिवार के लोगों के साथ करीब 20 मिनट बिताने के बाद दिल्ली लौट गए।

हीराबा ने नरेंद्र को जन्म देकर जो सपूत इस देश और दुनिया को दिया, उस मां के लिए तो सारे शब्द अधूरे हैं। पर हीरा नरेंद्र जिस तरह की मिसाल अपने आचरण और व्यवहार के जरिए पूरे देश और दुनिया में पेश कर रहा है, उसे भी शायद शब्दों में नहीं बांधा जा सकता है। मां हीराबा प्रधानमंत्री के आवास में सिर्फ एक बार ही ठहरी। जब बेटे का मन हुआ और गुजरात पहुंचा तो मां से मिल लिया। कभी अपने जन्मदिन, तो कभी मां के जन्मदिन पर मां-बेटे मिलते रहे। दो साल पहले बीमार होने पर एक सिविल अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां इलाज कराती है, तब भी कोई तामझाम और दिखावा नहीं। अभी भी दो दिन पहले सांस लेने में दिक्कत होने पर मंगलवार देर रात हीराबा को यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब भी कोई दिखावा नहीं। यहीं शुक्रवार तड़के 3:30 बजे मोदी की मां का निधन हुआ। सौ साल की मां दुनिया छोड़कर चली गई। बेटा नरेंद्र मोदी ने उतनी ही सहजता और गंभीरता से शांतचित्त हो परमपिता परमात्मा के इस फैसले को स्वीकार कर लिया। अगर कर्मयोगी इस बेटे के मन में थोड़ा सा भी आडंबर बसा होता, तो शायद देश-दुनिया के दिग्गजों का जमावड़ा गांधीनगर में लगा होता। पर बेटा पहुंचा, शांतिवाहन में आम इंसान की तरह अपनी मां के शव के पास बैठ उन्हें एकटक निहारता रहा, कंधा दिया, मुखाग्नि दी और फिर अपने कर्म में रत हो गया। यह आचरण सहजता से हासिल नहीं होता, यह कठोर तप का ही प्रतिफल है। ठीक उसी तरह जैसे मां हीराबा ने अभावों के दौर में भी कठोर तप से बेटे नरेंद्र और अपनी संतानों को गढ़ा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी गुजरात चुनाव के मतदान के दौरान 4 दिसंबर 2022 को गांधीनगर में अपनी मां हीराबेन से मिले थे। इस दौरान उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था और उनके साथ बैठकर चाय पी थी। इससे पहले मोदी 18 जून 2022 को अपनी मां हीराबा के जन्मदिन पर अहमदाबाद पहुंचे थे। उस समय उन्होंने मां हीराबा के पैर धोकर पानी आंखों से लगाया था। मोदी ने मां के साथ बैठकर पूजा भी की थी। मोदी ने तब अपने ब्लॉग में लिखा था कि 'मां न सिर्फ बच्चे को जन्म देती है, बल्कि उनके दिमाग, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को भी आकार देती है। मुझे कोई संदेह नहीं कि मेरे जीवन और चरित्र में जो कुछ भी अच्छा है, उसका श्रेय मेरी मां को जाता है।' शायद मां-बेटे के प्रति भावों पर इससे ज्यादा न तो कुछ लिखा जा सकता है और न ही एक सपूत का अपनी मां के प्रति प्रेम को इससे ज्यादा शब्दों में बांधा जा सकता है। धन्य है हीराबा और धन्य है हीरा नरेंद्र हीराबा मोदी। मां तुम्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा।

# 2023: राजकोषीय जवाबदेही की चिंता कहीं पीछे न छूट जाए

**-राकेश दुबे**

और वर्ष 2022 अपने अंतिम दिन में है 7 यह वर्ष अर्थात जाता 2022 जिस संज्ञा को लेकर जा रहा है वो नकदी की आसान उपलब्धता की समाप्ति वाला वर्ष है। और इसी कारण आने वाला वर्ष 2023 ऊंची ब्याज दरों और धीमी वैश्विक वृद्धि वाला होगा। भारत में भी विभिन्न कारणों से आर्थिक नतीजों पर इसका असर पड़ेगा। अनिच्छा के बाद देश के बड़े बैंक एक साथ मिलकर मुद्रास्फीति का मुकाबला कर रहे हैं क्योंकि यह स्पष्ट हो चुका है कि मुद्रास्फीति में इजाफा अस्थायी नहीं था।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया या था कि 2023 में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रह जाएगी जबकि 2021 में यह 6 प्रतिशत थी। विकसित विश्व का एक बड़ा हिस्सा 2023 में मंदी का शिकार हो सकता है। काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि मुद्रास्फीति पर कितनी जल्दी नियंत्रण हासिल किया जाता है। धीमी होती वैश्विक वृद्धि तथा विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऊंची ब्याज दरें बड़ी तादाद में विकासशील देशों को प्रभावित कर रही हैं। आईएमएफ द्वारा संकटग्रस्त देशों को दिए जाने वाले कर्ज ने 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई छू ली है । चूंकि निकट भविष्य में हालात सुधरते नहीं दिख रहे हैं इसलिए और अधिक देशों को मदद की आवश्यकता होगी।

कहने को भारत की स्थिति मजबूत है लेकिन बाहरी क्षेत्र की चुनौतियां 2023 में भी जारी रहने की उम्मीद है। पेशेवर अनुमान लगाने वालों ने भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत के बराबर हो जाएगा। हालांकि अनुमान है कि 2023-24 में यह घटकर 2.7 प्रतिशत रह जाएगी लेकिन वैश्विक अनिश्चितता के कारण हालात बदल भी सकते हैं। निर्यात और पूंजी प्रवाह दोनों प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि वैश्विक मांग में कमी आई है और विकसित देशों, खासकर अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची हैं।

विकसित देशों में उच्च मुद्रास्फीति आंशिक रूप से इस वजह से भी है क्योंकि महामारी के दौरान अतिरिक्त मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जो उथलपुथल मची उसने भी मूल्यों पर दबाव बढ़ा दिया है। चीन में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण आपूर्ति श्रृंखला के निकट भविष्य में सामान्य होने की संभावना नहीं है। चीन में मंदी आ रही है जबकि हालिया दशकों में वह वैश्विक वृद्धि का अहम कारक रहा है। जाहिर है यह मंदी समग्र वैश्विक वृद्धि को प्रभावित करेगी।

इन परिस्थितियों में भारतीय नीति निर्माताओं के लिए वृद्धि पर जोर देना एक चुनौती होगी। रिजर्व बैंक ने जहां चालू चक्र में नीतिगत दरों में 225 आधार अंकों का इजाफा किया है, वहीं और इजाफे की उम्मीद है। चूंकि वह मुद्रास्फीति का लक्ष्य हासिल करने में चूक गया है इसलिए उच्च दरों को तब तक बरकरार रखना होगा जब तक कि मुद्रास्फीति स्थायी रूप से 4प्रतिशत के लक्ष्य के करीब नहीं हो जाती।

स्थापित सिद्धांत है तुलनात्मक रूप से ऊंची ब्याज दरें आर्थिक गतिविधियों को बाधित करती हैं। हालांकि आईएमएफ का अनुमान है कि 2023-24 में वृद्धि दर घटकर 6.1 प्रतिशत रह जाएगी जबकि इस वर्ष यह 6.8 प्रतिशत है। हालांकि वास्तविक परिणाम इससे भी कम रह सकता है। राजकोषीय मोर्चे पर देखें तो एक ओर जहां सरकार चालू वर्ष में घाटे का लक्ष्य हासिल करने को लेकर आश्वस्त है, वहीं यह देखना होगा कि सरकार अगले वर्ष सुदृढ़ीकरण के पथ पर वो किस प्रकार बढ़ती है।

वैसे बीते सप्ताह सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त खाद्यान्न मुहैया कराने का जो निर्णय लिया उसने भी इस विश्वास को क्षति पहुंचाई है। चूंकि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले 2023 में नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह जोखिम भी है राजकोषीय जवाबदेही की चिंता कहीं पीछे न छूट जाए। सार्वजनिक ऋण और बजट घाटे के स्तर को देखते हुए इसके चलते दीर्घावधि में वृद्धि और वृहद स्थिरता के लिए जोखिम उत्पन्न हो सकता है।

# भारत क्यों है, दुनिया भर के कचरे का डम्पिंग ग्राउंड ?

**-राकेश दुबे**

'ब्लूमबर्ग' की एक रिपोर्ट सामने हैं। जो साफ़ करती है कि भारत दुनिया भर के कचरे का डम्पिंग ग्राउंड बना गया है। कारण भारत में कचरा प्रबंधन उद्योग की अनियमित प्रकृति है। यह बात हमारे पर्यावरण और जन स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदेह है। इसके लिए काफी हद तक निगरानी और नियंत्रण की कमजोरी, भ्रष्टाचार और सबसे बढ़कर गरीब भारतीय श्रमिकों की मौजूदगी जिम्मेदार है जो देश के अलग-अलग हिस्सों में अत्यधिक गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। इस तथ्य की पुष्टि देश की राजधानी नई दिल्ली से महज 128 किलोमीटर दूर स्थित मुजफ्फरनगर में होती है। यह जगह अमेरिका से आने वाले प्लास्टिक कचरे के लिए एक बड़ा डंपिंग ग्राउंड कहलाने लगा है।

वैसे तो ऐसे ज्यादातर मामले रिसाइकल्ड अर्थात पुनर्चक्रित प्लास्टिक पेपर के आयात की आड़ में गायब हो जाते हैं, क्योंकि इस क्षेत्र की नहीं, अधिकाँश कागज मिलें इस कचरे को लकड़ी की छाल की तुलना में सस्ते कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करती हैं। कानून के मुताबिक सरकार पुनर्चक्रित पेपर में दो प्रतिशत तक की मिलावट की इजाजत देती है। इस नियमन के कारण बड़े पैमाने पर प्लास्टिक कचरे मसलन शिपिंग में काम आने वाले लिफाफों, गंदे डाइपर, प्लास्टिक की बोतलों आदि के भारत में बिना किसी जांच पड़ताल के आसानी से आने का मार्ग प्रशस्त हो गया है ।

वैसे आयातित कचरे का यह पहाड़ भी हजारों कचरा बीनने वालों को रोजगार प्रदान करता है। ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट के अनुसार मिलों में जो कचरा पृथक होता है उसमें से कुछ कीमती सामान मसलन पानी की बोतल आदि भी हैं जिनका पुनर्चक्रण संभव है। शेष कचरा बिना लाइसेंस वाले ठेकेदार ले जाते हैं और लगभग 250-300 रुपये रोजाना की दर से भुगतान कर उसे दोबारा छंटवाते हैं ताकि पुनर्चक्रित करने लायक कोई और सामग्री मिले तो आसानी से निकाली जा सके।इस शेष कचरे को पेपर और चीनी मिलों को ईंधन के रूप में इस्तेमाल के लिए बेच दिया जाता है। प्राप्त आंकड़े कहते हैं इनमें से किसी मिल के पास ऐसे बॉयलर और फर्नेस नहीं हैं जो इस कचरे को पूरी तरह समाप्त कर सकें, न ही ऐसे फिल्टरेशन संयंत्र हैं जो जहरीले उत्सर्जन को नियंत्रित कर सकें। ऐसे में इस भीड़भाड़ वाले शहर मुजफ्फरनगर के सात लाख बाशिंदे नियमित रूप से माइक्रोप्लास्टिक वाली हवा में सांस लेने को विवश हैं।

यह रिपोर्ट भारत के कचरा प्रबंधन कारोबार का एक गंदा सच बाहर लाती है। एक और यह जाना-पहचाना कारोबार है, ई-कचरा जिसमे स्वीकार नहीं किया जाता है। ई-कचरे में न केवल भारत के पुराने लैपटॉपों, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से उत्पन्न कचरा आता है, वहीं इसमें पश्चिम से आयातित कचरा भी शामिल है। वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी थी कि दुनिया के इलेक्ट्रॉनिक कचरे में से 90 प्रतिशत भारत आता है। मुजफ्फरनगर की तरह यह जहरीला कचरा देशके अन्य बड़े नगरों में रद्दीवालों के असंगठित क्षेत्र की आजीविका का एक बड़ा माध्यम बना हुआ है।

इस असंगठित क्षेत्र में रद्दी चुनने के लिए बहुत मामूली भुगतान किया जाता है और इनके पास सुरक्षित ढंग से काम करने के लिए जरूरी उपकरण भी नहीं होते। बाकी कचरे को सीधे आग के हवाले कर दिया जाता है जिससे हवा में भयंकर प्रदूषण फैलता है। ध्यान देने वाली बात है कि सरकार द्वारा 2016 में अधिसूचित नियमों के तहत ई-कचरे के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद यह कारोबार फल-फूल रहा है। इस वर्ष के आरंभ में सरकार ने संसद को बताया था कि 2019 से अब तक अवैध ई-कचरा आयात के 29 मामले देश भर में पकड़े गए हैं।

भारत जैसे देशों में विकसित देशों के कचरा निपटान को रोकने के लिए कड़े कानून प्रवर्तन और निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें बंदरगाहों से लेकर प्रदूषण नियंत्रण तक हर जगह सख्ती बरतनी होगी। इसके साथ ही आर्थिक वृद्धि को टिकाऊ ढंग से आगे बढाना होगा जिससे देश की बढ़ती श्रम शक्ति को सार्थक रोजगार ही मिले तो रिसाइकलिंग करने वाली कंपनियों से लेकर रद्दीवालों तक को ऐसे काम अपनाने या कुछ और करने का प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# आगामी 2 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउण्ड खण्डवा में आयोजित होगी खेलकूद प्रतियोगिता

खण्डवा 30 दिसम्बर, 2022 - नेहरू युवा केंद्र खंडवा द्वारा विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खंडवा जिले के विकासखंड हरसूद, पंधाना, खंडवा, छैगांवमाखन व किल्लौद में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 15-29 वर्ष के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते है। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमती पूजा कौशिक ने बताया कि विकासखंड स्तर के विजेता प्रतिभागी जिले स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले खेल कार्यक्रम के तहत सामूहिक व व्यक्तिगत खेलों में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में विकासखंड खंडवा में आगामी 2 जनवरी 2023 को पुलिस ग्राउंड खंडवा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल्स व ट्रॉफी सम्मान स्वरूप प्रदान की जाएगी।

# जगन्नाथपुरी में ऑल इंडिया पत्रकार कल्याण महासंघ ने सनातन धर्म के प्रचार हेतु किया भागवताचार्य सम्मान



इटारसी। इटारसी से गए करीब 200 धर्म प्रेमियों के साथ उड़ीसा स्थित हिंदुओं के पावन धाम जगन्नाथपुरी में 21 दिसंबर तक जारी श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस ऑल इंडिया पत्रकार कल्याण महासंघ ने आदि शंकराचार्य की परंपरानुसार देश की चारों दिशाओं में स्थित हिंदुओं के चारों धामों,द्वारिका,रामेश्वरम,बद्रीनाथ व अब जगन्नाथपुरी में श्री मद भागवत कथा के माध्यम से सनातन धर्म की ध्वज पताका लहराने,धर्म के प्रचार द्वारा भारतीय संस्कृति,सभ्यता व जीवन मूल्यों का संवाहन करने हेतु हनुमान धाम इटारसी के प्रधान पुजारी व भागवताचार्य पंडित नरेन्द्र तिवारी का शाल, श्री फल,माल्यार्पण व सम्मान पत्र भेंट कर विशेष सम्मान किया। महासंघ अध्यक्ष शिव भारद्वाज,वरिष्ठ पत्रकार चंद्रकांत अग्रवाल,कथा के मुख्य यजमान राजेंद्र अग्रवाल भौरा वाले, सह यजमान डा. विनोद सीरिया, अन्य सहयोगी यजमानों एन पी चिमानिया,अरविंद शर्मा,गौरीशंकर साहू,आदि ने मिलकर यह सम्मान पत्र भेंट किया। सम्मान पत्र का वाचन व संचालन चंद्रकांत अग्रवाल ने व आभार प्रदर्शन शिव भारद्वाज ने किया।

# मरीजों को अब घर के पास मिलेगी संजीवनी क्लीनिक की सुविधा : विधायक

रतलाम । शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब किसी भी प्रकार की बीमारी पर प्राथमिक उपचार की सुविधा घर के पास ही मिलेगी। विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत दस नए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की सौगात मिली है। इन क्लीनिकों की स्थापना की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इनकी स्थापना के बाद सामान्य बीमारी के दौरान जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज तक की दूरी मरीज व उनके परिजनों को तय नहीं करना पड़ेगी। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक को लेकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरत के मान से दस स्थान चिन्हित किए है। उक्त स्थानों पर क्लीनिक के नए भवन निर्माण के लिए शासन की ओर से प्रति क्लीनिक 25 लाख की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। भवन निर्माण का जिम्मा शासन ने नगर निगम को सौंपा है। इसका नक्शा और डिजाइन बनकर तैयार है। नगर निगम द्वारा भवन निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। जल्द ही सभी क्लीनिक का निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। इनके निर्माण से शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं निकट स्थानों पर उपलब्ध होगी।

# शिवसेना 20 जनवरी को करेगी बिजली विभाग एवं नगर पालिका का घेराव

छतरपुर - शिवसेना की पूर्व नियोजित जिला स्तरीय बैठक स्थानीय कल्याण धर्मशाला में सम्पन्न हुई जिसमे समस्त जिला पदाधिकारी,नगर पदाधिकारी,युवा सेना,विद्यार्थी सेना,ग्रामीण शाखा प्रमुख,उपस्थित रहे शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के मुख्य आतिथ्य इस बैठक का आयोजन किया गया बैठक अध्यक्षता पूर्व संभाग प्रमुख पवन सोनी ने की बैठक में युवा शिवसेना अध्यक्ष नीतेश तिवारी ने कहा है कि बिजली बिभाग द्वारा लगातार आम जनता को परेशान किया जा रहे है चाहे मनमाने बिल हो या अघोषित कटौती और यहाँ तक की बिभाग द्वारा किसानो को लगातार प्रताड़ित भी किया जा रहा है किसानो के पम्प उठाये जा रहे है उनको मनमाने बिल वसूल किये जा रहे है शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने कहा है बिजली विभाग के साथ साथ नगर पालिका का भी घेराव किया जायेगा श्री तिवारी ने कहा है बिजली बिभाग द्वारा लगातार आम लोगो को प्रताड़ित किया जाता है साथ नगरपलिका छतरपुर द्वारा ऑटो एवं ई रिक्सा वालो को खड़े होने के लिए आज तक कोई स्थान नहीं दिया गया है ।

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध रेत परिवहन में 7 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण को रोकने की दृष्टिगत छतरपुर सटई रोड स अवैध रूप से 5 ट्रैक्टर ट्राली मय रेत एवं देरी रोड व बमीठा से एक-एक ट्रेक्टर ट्राली मय रेत सहित जब्त किए गए। उक्त जब्त ट्रेक्टर ट्राली को सुरक्षार्थ पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया। जब्त वाहनों पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। कलेक्टर द्वारा जिले में अवैध खनन, रेत परिवहन एवं भण्डारण पाए जाने पर निरंतर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# रोजगार मेला में 203 युवक-युवतियों का रोजगार के लिए चयन

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के परिषर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में कुएस क्रॉप कंपनी ग्वालियर, आइसेक्ट लिमिटेड छतरपुर, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड झांसी, डिसटिल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़, स्टार फाउंडेशन नौगांव, स्टार ऑटोमोबाइल छतरपुर, स्वाति ग्रुप्स यज़्की अहमदाबाद गुजरात ,एस बी आई लाइफ इन्सुरेंस लिमिटेड छतरपुर ने रोजगार प्रदाता कंपनी के रूप में अपनी सहभागिता की।

# खरीदी के नाम पर किसानों से अवैध वसूली जारी, मामला देवरी समिति मे धान खरीदी का

**विश्व भूषण पाण्डेय**

शहडोल। परन्तु शाशन के दिशा निर्देशों को एक अदना सा कर्मचारी चिढ़ाने का कार्य कर रहा है जिस कदर इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के गरीब किसान अपनी रोजी रोटी और कड़ी मेहनत से यह आसरा लेकर आते है की हमारी मेहनत की धान का शाशन द्वारा उचित मूल्य दिया जायेगा जिससे हम आपने जीवन का सही रूप से निर्धारण कर सकेंगे यह सब इस जिले के देवरी (लफदा ) समिति के प्रबंधक जनार्दन ने किसानों के लिये एक सपने की तरह बनाकर रख दिया है ऐसे हम नहीं उक्त क्षेत्र के किसानों का कहना है जिले भर मे चल रही धान खरीदी मे एक प्रकरण ऐसा भी देखने को मिला जहाँ किसानों से धान खरीदी 41.200 तक की जा रही है तो वही शाशकीय पोर्टल मे उसे नियमानुसार ही दर्शाया जा रह है जिसके चलते उक्त क्षेत्र के किसान अपनी ही मेहनत की खेती को बेचने मे सोच विचार करते नजर आ रहे है ।

नहीं करोगे मेरे हिसाब से बैठो फिर 3-4 दिन :-

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे कुछ किसानों ने दबी जुबान हमें यह तक बताया की धान खरीदी के नाम पर प्रबंधक जनार्दन शुक्ला द्वारा कही सिलाई तो कही अधिक धान देने के लिये कहाँ जाता है और जो भी किसान इनके अनुरूप चलने से इंकार कर्ता है तो वहां उनसे दादागिरी करते हुए उनकी धान का स्लॉट भले ही आज का हो पर 4-4 दिनों तक रोक दिया जाता है और बोला जाता है की यदि मेरे हिसाब से नहीं चले तो ऐसे ही ठण्ड मे और बैठाकर रखुगा जिसके चलते हम सभी किसान मजबूर होकर ठण्ड की मार और इनके अत्याचार से बचने के लिये नियम से हटकर 41.200 तक धान की भर्ती करवाते है 7


dainiksandhyaprakash.in
भोपाल शुक्रवार 30 दिसम्बर 2022 | सांध्य प्रकाश | 5

देवरी समिति में धान खरीदी के नाम पर प्रबंधक जनार्दन ठग रहा किसानों को

जहा प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को सर्व सुविधा मुहैया करा धान खरीदी का वादा किया जा रहा है वही शाशन की मंशा को पालिता लगाने का ठेका देवरी न 1 के समिति प्रबंधक जनार्दन ने ले रखा है

## ना प्रसाधन ना ही आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था :-

शाशन द्वारा जहाँ साफ साफ निर्देश दिया गया है की प्रत्येक धान खरीदी मे किसानों को पानी सहित बैठने, प्रसाधन सहित आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था जरुरी रूप से उपलब्ध करवाई जावेगी परन्तु आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक जनार्दन द्वारा व्यवस्था तो दूर उल्टा किसानों से दादागिरी करते हुए नियमो की अनदेखी की जाती है जिसके चलते दूर से आये किसान रात मे ठण्ड मे ठुथुरते हुए अपनी धान की सुरक्षा करने पर मजबूर है साथ ही जब किसानों द्वारा अपने लिये सुरक्षा की बात कही जाती है तो इनके द्वारा कहाँ जाता है की जो मिल रहा है उसी मे खुश रहो 7

## अधिकारियो का मौन देता है कई सवालों को जन्म :-

यु तो छोटी सी भी बात यदि आती है तो एक अधिकारी उसपर कार्यवाही करने मे और उस कार्यवाही मे वाहवाही लूटने मे जरा सी भी कमी नहीं कर्ता है पर जिस आदिवासी समुदाय के नाम पर प्रदेश सरकार अपने आप को शाशक्त बताकर अधिकारियो की तारीफ करती है आज उन्ही अधिकारियो दवाई उन्ही गरीब आदिवासी किसान पर हो रहे जुल्म पर चुप्पी साधी गई है आखिर क्या ऐसी वजह है जिसके चलते इन आदिवासी गरीब किसान पढ़ो रहे जुल्म को मौन होकर देखा जा रहा है या फिर जनार्दन की आवभागत ने जिम्मेदारो की आंखों मे ना चाहते हुए भी पट्टी बाँधने पर मजबूर कर दिया है 7

# एएनसी रजिस्ट्रेशन/सम्पर्क एप डेटा को क्रॉस चेक करें : कलेक्टर



धार,। सीडीपीओ और बीएमओ अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन/सम्पर्क एप डेटा को क्रॉस चेक करे और आने वाले अंतर को दूर करे । एएनसी रजिस्ट्रेशन मे लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करने वाले बीएमओ को नोटिस जारी करें। पलायन करने के कारण जिन महिलाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है उनकी सूची बनाकर उनसे संपर्क का प्रयत्न करें। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से गृह सम्पर्क शत-प्रतिशत किया जाए। रोटा वायरस वेक्सिनेशन के कार्य में प्रगति लाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सहायक कलेक्टर हॉस्पिटलों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजो से इलाज और व्यवस्था संबंधी जानकारी लें। जिले में कही भी पोषण पुर्नवास केंद्र में ओवर रिपोर्टिंग ना हो, इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चे के केंद्र से घर आने पर फिर से उसका वजन करें। परिवार कल्याण में कम प्रगति करने वालों बीएमओ को नोटिस जारी करें। इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पर कम एंट्री करने वालो को भी नोटिस जारी करें। तम्बाकू नियंत्रण के लिए सभी शासकीय कार्यालयों/ अस्पतालों में जुर्माने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निसरपुर ,मनावर एवम बदनावर में गर्भवती पंजीयन कम होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे उपस्वास्थ्य केंद्र जहाँ पर एएनएम के पास गर्भवती की जानकारी होने पर भी पंजीयन नहीं किया जाता है तो संबंधित पर दंडात्मक कार्यवाही करें। शहरी क्षेत्र में पंजीयन एवम हाई रिस्क चिन्हांकन कम किये जाने पर प्रत्येक एएनम की समीक्षा कर कार्य नहीं करने वाली एएनएम को अन्यत्र भेजा जाए ।

# विद्युत विभाग के ठेकेदार ने कनेक्शन के नाम पर किसानों के साथ की धोखाधड़ी

## 2 लाख 85 हजार नगद भुगतान देने के बाद भी नहीं मिले कनेक्शन




बैतूल। विद्युत विभाग के ठेकेदारों द्वारा उपभोक्ताओं एवं किसानों से मनमानी करने का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम धमदेही पंचायत बोरकुण्ड विकासखण्ड भीमपुर से सामने आया है। ग्राम धमदेही पंचायत बोरकुण्ड में 2 लाख 85 हजार की लागत से विद्युत पोल एवं डी.पी. कार्य इसकी ताजा मिसाल है।विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा यहां बिजली कनेक्शन के नाम पर 13 किसानों के साथ धोखाधड़ी की गई है। 2 लाख 85 हजार ठेकेदार द्वारा वसूलने के बाद भी इन किसानों को विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पाया है। किसानों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा किसानों से विद्युत कनेक्शन के नाम पर वसूली करने के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया। वहीं विभाग में विद्युत कनेक्शन के लिए किसानों के नाम भी नहीं जोड़े गए। अब किसानों द्वारा ऑनलाइन नाम जोड़े जाने की मांग की जा रही है। क्षेत्र के इन किसानों ने गुरुवार को एकता परिषद के अध्यक्ष मंगल सिंह वाड़िवा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर विद्युत विभाग के ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। किसानों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे मंगल सिंह वाड़िवा ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और विद्युत कर्मचारियों की मनमानी से ग्राम धमदेही पंचायत बोरकुण्ड के किसान परेशान हैं। वहीं विभागीय अधिकारी किसानों की परेशानियों से गुरेज कर रहे है।

विद्युत विभाग में किसानों के नाम गायब- एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में किसानों ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा कनेक्शन के नाम पर पैसे तो लिए गए पर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। बोरकुण्ड में विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा 2 लाख 85 हजार की लागत से विद्युत पोल एवं डी.पी. लगाया गया है, लेकिन कनेक्शन के लिए विभाग में किसानों के नाम गायब है। किसानों ने बताया कि ग्राम धमदेही पंचायत बोरकुण्ड में विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा विद्युत पोल एवं डी.पी. लगाया गया है। ठेकेदार द्वारा किसानों को बिजली कनेक्शन देने का वादा किया था। लेकिन आज तक किसानों को कनेक्शन नहीं मिला है। 2 लाख 85 हजार रू नगद भुगतान करने के बावजूद किसानों का नाम विद्युत कंपनी में नहीं जोड़ा गया।

ऑनलाइन नाम जोड़ने की मांग - एकता परिषद ने किसानों की इस समस्या को देखते हुए किसानों का नाम ऑनलाईन जोड़ने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैंसदेही, तहसीलदार भीमुपर, विद्युत विभाग बैतूल को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान रामलाल धुर्वे, चंपाल चिचामें, मंसाराम धुर्वे, रामचरण धुर्वे, कुमान सिंग धुर्वे, शंकर चिचामे, सौकीलाल धुर्वे, केवल सिंग धुर्वे, राजेश धुर्वे, बिशु बारस्कर, विष्णु धुर्वे, रामलाल उईके शामिल है।

# कलेक्टर ने जनसंवाद कर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

बैतूल। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने खेड़ीसांवलीगढ़, भीमपुर के रातामाटी एवं चूनालोहमा तथा चिचोली के सिप्लई एवं देवपुर कोटमी का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। चिचोली के सिप्लई में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पेसा एक्ट की जानकारी दी एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को समय-सीमा में समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिलाष मिश्रा सहित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी चिचोली श्रीमती रीता डेहरिया, प्रभारी तहसीलदार चिचोली रोहित विश्वकर्मा, प्रभारी तहसीलदार भीमपुर कार्तिक मौर्य सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री बैंस ने ग्राम खेड़ीसांवलीगढ़ में सूर्यशक्ति अभियान अंतर्गत स्थापित सोलर पैनल का अवलोकन किया। यहां नल-जल योजना के संचालन के लिए सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे बिजली के बिल में कमी आई है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्मित डिवाट्स तथा सेग्रीगेशन शेड का निरीक्षण किया। ग्राम में महावीर स्व सहायता समूह द्वारा नल-जल योजनांतर्गत किए जा रहे जल कर वसूली के कार्य का भी निरीक्षण किया। यहां स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिमाह लगभग 75 हजार रुपए जल कर की वसूली की जा रही है। कलेक्टर श्री बैंस ने भ्रमण के दौरान शासकीय शाला में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रातामाटी में पीएम आवासों का निरीक्षण - कलेक्टर श्री बैंस विकासखंड भीमपुर के ग्राम रातामाटी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनांतर्गत निर्मित आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से नल-जल योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर श्री बैंस ने ग्राम चूनालोहमा में भी विभिन्न योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया।

सिप्लई में जनसंवाद में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं - कलेक्टर श्री बैंस ने विकासखंड चिचोली के ग्राम सिप्लई में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को पेसा एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पेसा एक्ट के अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों के सदस्यों एवं ग्राम सभा अध्यक्ष से चर्चा की। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने के पूर्व कलेक्टर श्री बैंस ने सिप्लई में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या बताए जाने पर उन्होंने पीएचई के अधिकारियों को पेयजल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने देवपुर कोटमी में पीडीएस एवं आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया। पीडीएस के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेल्समेन को नियमानुसार समय पर राशन प्रदाय करने के निर्देश दिए।

# पोषण शिक्षा पर कार्यशाला सम्पन्न



खण्डवा। स्पंदन सेवा समाज समिति द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले हेतु पोषणम् - पोषण शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पोषण एवं स्वास्थ शिक्षा को और प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु समुदाय स्तर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महती भूमिका को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रथम चरण में खंडवा जिले की सभी आंगनवाडी कार्यकताओं को इस हेतु प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही इससे संबंधित बैठके भी समुदाय स्तर पर आयोजित हुई। पोषणम् का आगामी चरण नववर्ष में प्रारंभ होना है इस हेतु संस्था द्वारा प्रदाय किये जाने वाले तकनीकी सहयोग एवं विभाग के प्रयत्नों को मूर्त रूप देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समन्वय होना अत्यंत आवश्यक है जिससे खाद्य एवं पोषण विविधता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विष्णु प्रताप सिंह राठौर ने कहा कि जिले का सुपोषण हम सब की जिम्मेदारी है। इसमें विभाग के मैदानी अमले की भूमिका पोषण सुनिश्चित करवाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में सहायक संचालक ने भी कहा कि हम सभी को समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए एक सामाजिक इंजीनीयर की तरह काम करने की आवश्कता है। स्पंदन जैसी संस्था से टेक्नीकल सपोर्ट लेकर हम एक माईल स्टोन रख सकते हैं। इस कार्यशाला में पोषणम् परियोजना एवं इसके महत्वाकांक्षी परिणामों पर बात की। साथ ही तकनीकी पक्ष के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली जिला भोपाल**

ईमेल - pskotwalibpl@gmail.com
फोन नंबर 0755-2443220-2677309
इब्राहिमपुरा, सुल्तानिया रोड, चार बत्ती चौराह के पास भोपाल
मध्यप्रदेश 462001
प्रोफार्मा

धारा- 174 जा. फौ. मर्ग क्र.-06/22



नाम- अज्ञात मृतक पुरुष आयु करीव 50 से 55 साल करीबन पता अज्ञात

अज्ञात मृतक व्यक्ति का हुलिया - बदन सामान्य, चेहरा लंबा, रंग गेहुआ, कद करीबन 5.5 फिट, मूछे सफेद काले, सिर के बाल काले सफेद रंग व लंबी सफेद दाडी है । काले रंग का फुल शर्ट एवं ग्रे रंग का फुल पैन्ट व नीले रंग की अन्डर वियर लक्स बिनस पहने है । बाये हाथ मे ओम का गुदना गुदा है ।

अतः थाना कोतवाली भोपाल के मर्ग क्रं. 06/22 धारा 174 जा. फौ. के मृतक अज्ञात पुरूष की पहचान हेतु एवं परिजनो की पतारसी तलाश बाबत् मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश से लगे दीगर राज्यो के जिलो के समाचार पत्रो मे प्रसारण कराने हेतु सादर अनुरोध है ।

जी-21022/22

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली, भोपाल

# साल का अंतिम दिन आज छींद धाम में भक्तों ने दादा के दर्शन कर हंसी खुशी विदा किया पुराने साल को



बरेली। 2022 के साल के अंतिम दिन की अंतिम विदाई लोगों ने दादा के दर्शन कर कि आज साल का आखिरी दिन और भी विशेष इसलिए हो गया कि आज शनिवार है और आज बजरंगबली का दिन है आज के दिन और मंगलबार को ही छींद धाम में भक्तों का मेला लगता है देश-विदेश से लोग दादा के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं आज शनिवार साल के अंतिम दिन पर पड़ने से यहां श्रद्धालुओं का हजारों की संख्या में जनसैलाब देखा गया आज सुबह 4 बजे से ही भक्तगण दादा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं पूजा अर्चना कर बीते हुए साल को अंतिम विदाई दे रहे हैं तो वहीं नए साल के लिए भी भगवान से कामना कर रहे हैं कि आने वाला साल भी अच्छा और सुखद में हो वही नववर्ष को लेकर भी पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है इनमें लगभग 1 लाख श्रद्धालु आने की संभावना को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है छीद जाने वाले सभी मार्गो को पुलिस प्रशासन द्वारा बन-वे भी किया गया है जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को छीद पहुंचने में परेशानी ना हो 7 थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी एसडीओपी राजीव जंगले के मागदर्शन में जगह-जगह पॉइंट बनाए गए हैं इन सभी प्वाइंटों पर 35 पुलिसकर्मी नगर सुरक्षा समिति के सदस्य सहित पटवारी छीद व्यवस्था में तैनात रहेंगे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो जिसके लेकर पुलिस हर मूवमेंट पर नजर रखेगी नेशनल हाईवे से सिंह पहुंच मार्गों को बनवे किया है जिससे ट्राफिक ना लगे और श्रद्धालु आसानी से छीद धाम तक पहुंच सके ।

नेशनल हाईवे से छीद पहुंच मार्ग छुछार रोड पुलिया के पास पार्किंग व्यवस्था, छुछार तिराहा,भौडिया तिराहा पार्किंग व्यवस्था, सलैया जोड़ टंकी के पास, सलैया जोड़ हाईवे मंदिर के पास, ग्राम किनगी पेट्रोल पंप के पास, किनगी रोड हाईवे पर, टंकी के पास से श्रद्धालु पैदल मंदिर तक जाएगें ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

जोन क्रं. 18
निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. 168/यां. वि./2022 भोपाल दिनांक 26.12.2022

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पर्सेंटेज रेट मोहरबंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।


| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अविध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_UAD_239425_1 | MAINTENANCE AND REPAIRING OF ROAD AND DRAINS AT.RAJ HARSH COLONY F SECTOR H SECTOR, KATIYAR MARKET, LALITA Nagar FINE AVENUE AND VARIOUS NAGAR PLACES AT WARD-83, ZONE 18 | 338677/- | 3387/- | 2000/- | as per centralized registration | MPUADD D Road, Bridge and Building Works,2012 | 45 दिन |
| 2 | 2022_UAD_239449_1 | CONST. OF C.C. ROAD FROM HOUSE OF SHYAM SINGH TO PULIYA AT SANKHEDI VILLEGE. . WARD-83, ZONE 18 | 425456/- | 4255/- | 2000/- | as per centralized registration | MPUADD D Road, & Building Works,2012 | 45 दिन |
| 3 | 2022_UAD_240001_1 | CONST OF C.C. ROAD FROM GHANSHYAM SHARMA TO DUBEY JI HOUSE AND IN FRONT OF SANJAY KIRANA STORES AND FROM POLE NO. 155/15 TO TULSIDAS HOUSE AND FROM SURESH PARMAR HOUSE TO PUROHIT HOUSE AND FROM SATANKAR HOUSE TO | 818955/- | 8190/- | 2000/- | as per centralized registration | MPUADD D Road, & Building Works,2012 | 60 दिन |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

नि.क्र. 1123/022/023

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं. 18 नगर निगम, भोपाल

R.N.I. No. - MPHIN/2015/65325
वर्ष 9 अंक 9 पृष्ठ 1



# आर्य भट्ट
## वेदांग निर्णय सागर
## जनवरी 2023



संपादक/पंचांगकर्ता
पं. पी एन भट्ट










श्री विक्रम संवत् २०७९
वीर निर्वाण संवत् २५४९

शक संवत् १९४४
बंगला सन् १४२९


ता. १२ स्वामी विवेकानन्द जयंती


ता. २३ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती


ता. २८ लाला लाजपतराय जयंती

हिजरी सन् 1444, जमादि उस्मानी मास (6), ता. 24 से रज्जब (7)

### शनि देव की कौतुकपूर्ण मुद्रा: वर्ष 2023

न्याय के देव शनि देव 17 जनवरी 2023 को राशि परिवर्तन कर विश्व के भौगोलिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं औद्योगिक दर्पण में ऐसा भूचाल लाएंगे, जो प्रलयंकारी होगा। तथाकथित विकृत राष्ट्राध्यक्षों, शासनाध्यक्षों के पतन की इबारत लिखेंगे। विश्व के नामी-गिरामी राष्ट्रों के अर्थतंत्र की बदहाली, आतंकी संगठनों का कहर, बेरोजगारी, भूकंपी-सुनामी एवं खगोलीय दुर्घटनाएं विश्व जन समुदाय को व्यथित कर सकती हैं? संयुक्त राष्ट्र संघ दो भागों में बंट सकता है? जिन मानवों की जन्म कुण्डली में शनि देव वर्गोत्तरी, उच्च राशिगत, स्वक्षेत्री, मित्र क्षेत्री विराजमान हों, उनकी जिन्दगी में वरदानी मुद्रा में शनि देव नजर आएंगे। भारत के राष्ट्रनायक श्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को विश्व गुरू बनाने की भूमिका में अविस्मरणीय योगदान देंगे, ऐसे ग्रहीय योग बन रहे हैं। विश्व युद्ध संभव नहीं, क्षेत्रीय महायुद्ध रक्तरंजित हो सकता है?

अधिक विवरण के लिए पृष्ठ 20 देखें

स्वामी/प्रकाशक: पं.पी.एन. भट्ट ज्योतिष शोध एवं समाज सेवार्थ ट्रस्ट, गोपालगंज सागर (म.प्र.) मो. 9407266609

### व्रत उपवास त्यौहार

ता.२ पुत्रदा एकादशी व्रत, ता.४ प्रदोष व्रत, ता.६ स्नानदान व्रत पूर्णिमा, माघ स्नान व्रत यम नियम प्रारंभ, ता.१० गणेश चतुर्थी व्रत, संकटा/तिल चौथ व्रत, ता. १३ लोहड़ी उत्सव, ता.१४ मकर संक्रांति, ता.१५ मकर संक्रांति स्नान, पोंगल, ता.१८ षटतिला एकादशी व्रत, ता.१९ प्रदोष व्रत, तिल द्वादशी, ता.२० शिव चतुर्दशी व्रत, ता.२१ स्नानदान मौनी अमावस्या, ता.२५ विनायकी चतुर्थी व्रत, तिल कुंद चतुर्थी, वरद चतुर्थी व्रत, ता.२६ बसंत पंचमी, तक्षक पूजा, ता.२७ शीतला षष्ठी, ता.२८ अचला सप्तमी, माँ नर्मदा प्रकटोत्सव, ता.२९ भीमाष्टमी, भीष्म तर्पण, ता.३० महानंदा नवमी।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

ता.१ को सूर्योदय से ४/१८ दिन तक । ता.३ को सूर्योदय से ५/४६ शाम तक। ता.४ को सूर्योदय से रात्रि अंत तक। ता.६ को ११/२९ रात्रि से रात्रि अंत तक। ता.८ को सूर्योदय से ४/३७ रात्रि अंत तक। ता.१८ को सूर्योदय से १/२० दिन तक । ता.२६ को १२/४६ रात्रि से ता.२७ को रात्रि अंत तक । ता.३० को १/२१ रात्रि से रात्रि अंत तक । अमृत सिद्धि योग:- ता.१८ को सूर्योदय से १/२० दिन तक । ता.२७ को सूर्योदय से १२/१४ रात्रि तक ।

### शुभ मुहूर्त

विवाह - ता.१६, १७, १९, २५ से २७, ३०, ३१ । उपनयन - ता. २६ । मुण्डन - ता.१९, २७ । कर्ण वेध- ता.१८, २७ । गृह प्रवेश - ता.१८, २७ । गृहारंभ - ता.१८ ।

### जयंतियाँ

ता.१ नववर्ष, ता.३ सावित्री बाई फुले जयंती, ता.४ लुई ब्रेल जयंती, ता.१० विश्व हिन्दी दिवस, ता.११ लाल बहादुर शास्त्री पुण्यतिथि, ता.१२ राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानन्द जयंती, ता.१९ ओशो महोत्सव, ता.२३ नेताजी सुभाष चंद्र जयंती, ता.२८ लाला लाजपतराय जयंती।

### ग्रह स्थिति

सूर्य : धनु राशि में, ता.१४ को ३/१० मिनिट रात्रि से मकर राशि में । मंगल : वृष राशि में वक्री, ता.१३ को ३/१२ मिनिट दिन से मार्गी। बुध : धनु राशि में वक्री, ता.१८ को ६/४७ प्रातः से मार्गी । गुरू : मीन राशि में। शुक्र : मकर राशि में, ता. २२ को २/०९ मिनिट दिन से कुम्भ राशि में । शनि : मकर राशि में, ता. १७ को १/४० मिनिट दिन से कुम्भ राशि में। राहु : मेष राशि में। केतु : तुला राशि में ।

### चन्द्र स्थिति

ता.१ मेष का ता.२ को रात्रि ८/५२ से वृष का। ता. ५ को प्रातः ८/०६ से मिथुन का । ता. ७ को रात्रि ८/२४ से कर्क का। ता. १० को प्रातः ६/०१ से सिंह का। ता. १२ को रात्रि ६/०० से कन्या का। ता. १५ को प्रातः ६/४८ से तुला का। ता. १७ को दिन १/०० से वृश्चिक का। ता. १९ को दिन ३/१८ से धनु का। ता. २१ को दिन २/५३ से मकर का। ता. २३ को दिन १/५१ से कुम्भ का। ता. २५ को दिन २/२९ से मीन का। ता. २७ को शाम ६/३७ से मेष का। ता. २९ को रा.अं. २/४६ से वृष का।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | नव वर्ष<br>**1**<br>पौष शुक्ल १०<br>७/१२ रात्रि तक<br>अश्विनी १२/४७ दिन तक | **8**<br>माघ कृष्ण १<br>७/०७ प्रातः तक<br>पुष्य ६/०३ रा.अं. तक | मकर संक्रांति<br>पोंगल<br>गढ़ाई दिवस<br>**15**<br>माघ कृष्ण ८<br>७/४५ रात्रि तक<br>चित्रा ७/१० रात्रि तक | गुप्त नवरात्रि प्रा.<br>इष्टि<br>उ.षा. ६/३० प्रातः तक<br>**22**<br>माघ शुक्ल १<br>१०/२० रात्रि तक<br>श्रवण ३/११ रा.अं. तक | भीमाष्टमी<br>**29**<br>माघ शुक्ल ८<br>९/०५ प्रातः तक<br>भरणी ८/२० रात्रि तक |
| सोम | पुत्रदा एकादशी<br>तैलंग स्वामी जयंती<br>**2**<br>पौष शुक्ल ११<br>८/२४ रात्रि तक<br>भरणी २/२४ दिन तक | **9**<br>माघ कृष्ण २<br>९/३१ प्रातः तक<br>अश्लेषा समस्त | भीष्म पितामह जयंती<br>**16**<br>माघ कृष्ण ९<br>७/२० रात्रि तक<br>स्वाति ७/२२ रात्रि तक | सुभाष चन्द्र बोस जयंती<br>पंचक १/५१ दिन से<br>चन्द्र दर्शन<br>**23**<br>माघ शुक्ल २<br>६/४३ शाम तक<br>धनिष्ठा १२/२६ रात्रि तक | गांधी जी पु.ति.<br>मौन दिवस<br>गुप्त नवरात्र नवमी<br>महानंदा नवमी<br>**30**<br>माघ शुक्ल ९<br>१०/११ प्रातः तक<br>कृतिका १०/१४ रात्रि तक |
| मंगल | सावित्री बाई फुले जयंती<br>**3**<br>पौष शुक्ल १२<br>१०/०२ रात्रि तक<br>कृतिका ४/४२ शाम तक | संकष्ठी चतुर्थी<br>विश्व हिन्दी दिवस<br>चंद्रोदय ८/२० रात्रि<br>**10**<br>माघ कृष्ण ३<br>१२/०९ दिन तक<br>अश्लेषा ७/०० प्रातः तक | **17**<br>माघ कृष्ण १०<br>६/०८ शाम तक<br>विशाखा ६/५६ शाम तक | पंचक<br>**24**<br>माघ शुक्ल ३<br>३/२२ दिन तक<br>शतभिषा ९/५७ रात्रि तक | **31**<br>माघ शुक्ल १०<br>११/४३ दिन तक<br>रोहणी १२/३८ रात्रि तक |
| बुध | प्रदोष व्रत<br>लुई ब्रेल जयंती<br>**4**<br>पौष शुक्ल १३<br>१२/०१ रात्रि तक<br>रोहणी ६/४७ शाम तक | लाल बहादुर शास्त्री पु.ति.<br>**11**<br>माघ कृष्ण ४<br>२/३१ दिन तक<br>मघा ११/४१ दिन तक | षटतिला एकादशी<br>**18**<br>माघ कृष्ण ११<br>४/३० शाम तक<br>अनुराधा ५/२१ शाम तक | विनायकी चतुर्थी व्रत<br>पंचक<br>**25**<br>माघ शुक्ल ४<br>१२/३४ दिन तक<br>पू.भा. ८/०४ रात्रि तक | पंचक<br>ता. २३ को दिन १/५१ से ता. २७ को शाम ६/३५ तक<br>पुष्य नक्षत्र<br>ता. ७ को ३/०६ रा. अं. से ता. ८ को ६/०३ रात्रि अंत तक ।<br>द्विपुष्कर योग<br>ता.१४ को २/०० दिन से २/१९ दिन तक ।<br>त्रिपुष्कर योग<br>ता.३ को सूर्योदय से ४/२४ शाम तक ।<br>व्यतिपात योग<br>ता.२३ को ८/५५ दिन से ५/२७ रात्रि अंत तक। |
| गुरु | शाकम्भरी पूर्णिमा<br>**5**<br>पौष शुक्ल १४<br>२/१४ रात्रि तक<br>मृगशिरा ८/४२ रात्रि तक | स्वामी विवेकानंद जयंती<br>राष्ट्रीय युवा दिवस<br>**12**<br>माघ कृष्ण ५<br>४/२५ शाम तक<br>पू.फा. २/२३ दिन तक | प्रदोष व्रत<br>ओशो महोत्सव<br>तिल द्वादशी<br>**19**<br>माघ कृष्ण १२<br>१/१८ दिन तक<br>ज्येष्ठा ३/१७ दिन तक | गणतंत्र दिवस<br>सरस्वती पूजा<br>बसंत पंचमी<br>पंचक<br>**26**<br>माघ शुक्ल ५<br>१०/२८ प्रातः तक<br>उ.भा. ६/५७ शाम तक | |
| शुक्र | गुरू गोकुलदास जयंती<br>शाकम्भरी पूर्णिमा<br>**6**<br>पौष पूर्णिमा<br>४/३७ रा.अं. तक<br>आर्द्रा १२/१२ रात्रि तक | **13**<br>माघ कृष्ण ६<br>६/१७ शाम तक<br>उ.फा. ४/३४ शाम तक | शिव चतुर्दशी व्रत<br>माघ कृष्ण १४, ६/०६ रा.अं. तक<br>**20**<br>माघ कृष्ण १३<br>९/५१ प्रातः तक<br>मूल १२/३६ दिन तक | पंचक ६/३६ शाम तक<br>**27**<br>माघ शुक्ल ६<br>९/१० प्रातः तक<br>रेवती ६/३६ शाम तक | |
| शनि | इष्टि<br>राजिम भक्तिन माता ज.<br>**7**<br>माघ कृष्ण १<br>समस्त<br>पुनर्वसु ३/०६ रा.अं. तक | लोहड़ी<br>कालाष्टमी<br>मकर संक्रांति<br>**14**<br>माघ कृष्ण ७<br>७/१२ रात्रि तक<br>हस्त ६/१३ शाम तक | मौनी अमावस्या<br>प्रयागराज मेला<br>वीर हेमू कलानी शहीद दिवस<br>**21**<br>माघ अमावस्या<br>२/२२ रा.अं. तक<br>पू.षा. ९/४० प्रातः तक | रथ सप्तमी<br>अचला सप्तमी<br>माँ नर्मदा प्रकटोत्सव<br>**28**<br>माघ शुक्ल ७<br>८/४३ प्रातः तक<br>अश्विनी ७/०५ रात्रि तक | ऐच्छिक अवकाश<br>(राज्य शासन)<br>ता.6 गुरू गोकुलदास जयंती।<br>ता.14 मकर संक्रांति।<br>ता.21 वीर हेमु कलाणी श.दि.<br>ता.27 भ. देवनारायण ज.।<br>ता.28 माँ नर्मदा प्रकटोत्सव |

| सागर | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूर्योदय | दिनांक | 1–6/59 | 5–5/05 | 10–6/59 | 15–7/00 | 20–6/59 | 25–6/58 |
| सूर्यास्त | दिनांक | 1–5/40 | 5–5/42 | 10–5/46 | 15–5/49 | 20–5/53 | 25–5/57 |

### शुभ और अशुभ को पहिचानें : आनंददायी जीवन के लिए

सूर्योदय प्रातः 6 बजे होने पर राहुकाल, गुलिककाल एवं यमगण्डकाल का उपरोक्तनुसार समय रहेगा। सूर्योदय के समय परिवर्तन पर उक्त समय में अन्तर की गणना कर सही समय ज्ञात कर लें।

| दिन | राहुकाल (अशुभ काल) | गुलिककाल (शुभ काल) | यमगण्डकाल (अशुभ काल) |
|---|---|---|---|
| रविवार | 4:30 से 6:00 सायं | 3:00 से 4:30 अपरान्ह | 12:00 से 1:30 अपरान्ह |
| सोमवार | 7:30 से 9:00 प्रातः | 1:30 से 3:00 अपरान्ह | 10:30 से 12:00 अपरान्ह |
| मंगलवार | 3:00 से 4:30 अपरान्ह | 12:00 से 1:30 अपरान्ह | 9:00 से 10:30 प्रातः |
| बुधवार | 12:00 से 1:30 दोपहर | 10:30 से 12:00 दोपहर | 7:30 से 9:00 दिन |
| गुरूवार | 1:30 से 3:00 अपरान्ह | 9:00 से 10:30 दिन | 6:00 से 7:30 प्रातः |
| शुक्रवार | 10:30 से 12:00 दोपहर | 7:30 से 9:00 दिन | 3:00 से 4:30 अपरान्ह |
| शनिवार | 9:00 से 10:30 प्रातः | 6:00 से 7:30 प्रातः | 1:30 से 3:00 अपरान्ह |

### मकर संक्रांति मुहूर्त

ता.१४ को ३/१० रात्रि पर मकर संक्रांति अर्की है। इसका विशेष पुण्यकाल ता.१५ को सूर्योदय से ११/१० दिन तक रहेगा।

**मकर संक्रांति का महत्व**

मकर संक्रांति का मतलब है पूरी कायनात सूर्य के बहाने इस दिन कुछ ऐसे ही भाव में होती है। धनु राशि में पीड़ित सूर्य का मुक्त होकर मकर राशि में आना सूर्य का अंधकार से प्रकाश की ओर आना है। इसी दिन से दिन बढ़ने लगते हैं और रात की अवधि घटने लगती है। सूर्य ही जगत की ऊर्जा का अखण्ड और अनादि स्त्रोत है। इसलिए स्वभाविक है कि उसके पूर्ण आभा और अधिक समय तक चमकने से संसार में चैतन्यता बढ़ जाती है और काम के लिए अधिक समय मिलता है। पवित्र माघ मास में इस महा पर्व की महिमा का सदैव उपनिषदों में व्यक्त चतुर योग-अवधारणा का सूत्र स्मरण हो आता है। जहां कहा है कि जब तक हम सोए रहते हैं, कलयुग होता है। जब आंखें खुलती हैं, तब द्वापर। जब हम उठ बैठते हैं तो त्रेता और जैसे ही खड़े होकर चल पड़ते हैं, जीवन में सतयुग घट जाता है।

### मूल

अश्विनी के मूल १२/४७ दिन तक फिर अश्लेषा के ता. ८ को रा.अं. ६/०३ से ता. १० को प्रातः ६/०० तक फिर मघा के ता. ११ को दिन ११/४६ तक । ज्येष्ठा के ता. १८ को ५/२१ शाम से ता. २० को मूल के मूल १२/३६ दिन तक। ता. २६ को रेवती के शाम ६/५५ से ता. २७ को शाम ६/३५ तक फिर अश्विनी के ता. २८ को रात्रि ७/०५ तक।

### भद्रा

ता.२ को १०/०१ दिन से १०/१३ रात्रि तक । ता.५ को १/१९ रात्रि से ता.६ को २/१७ दिन तक । ता.९ को ८/३२ रात्रि से ता.१० को ९/३६ दिन तक । ता.१३ को १/५२ दिन से २/०६ रात्रि तक । ता.१६ को १/१२ रात्रि से ता. १७ को १२/४० दिन तक । ता.२० को ७/२८ प्रातः से ६/२१ शाम तक । ता. २५ को ७/०५ प्रातः से ६/०७ शाम तक । ता.२८ को २/०६ दिन से १/५३ रात्रि तक । ता.३१ को २/५३ रात्रि से आगामी दिन तक भद्रा रहेगी ।

### जैन पर्व

दिगम्बर जैन पर्व - ता.४ एवं ३१ रोहिणी व्रत । ता.६ षोडषकारण व्रत आरंभ । ता.१४ देवदर्शन दिवस। ता. २० भ. ऋषभनाथ निर्वाणोत्सव। ता.२२ से २५ लब्धिविधान व्रत । ता.२६ दशलक्षण व्रत प्रारम्भ । ता.२६ से ३० पुष्पांजलि व्रत। श्वेताम्बर जैन पर्व- ता. ५ एवं २० पाक्षिक प्रतिक्रमण । ता.१० कुमुहूर्त्ता उत्तर्या । ता.२० भगवान आदिनाथ मोक्ष कल्याणक, मेरू तेरस । ता.२५ भगवान विमलनाथ जन्मोत्सव ।

दक्षिणा राशि ₹50/-

**शहंशाहों की तरह रहें : सम्राट जैसा सम्मान पाने के लिए सम्राट की तरह काम करें।**

# पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने चौरई के पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे से लिया आशीर्वाद

## लोधी नेता अजबसिंग के घर सौजन्य भेंट करने गई

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉ के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजंलि दी





छिंदवाड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती चौरई पहुंची वे पूर्व विधायक रमेश दुबे के निवास पर गईं और उन्होने पंडित रमेश दुबे से आर्शीवाद लिया और उन्हें आर्शीवाद भी दिया दुबे परिवार एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उमाभारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा वे जिला पंचायत ,के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी से मिलीं वे लोधीसमाज के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अजब सिंह लोधी के घर गईं और उनसे भेंट की । उमाभारती ने कहा कि लोग शराब के खिलाफ एक जुट हों। उनके साथ लखन वर्मा, चौधरी चन्द्रभान,दानसिंह ठाकुर, वीरेन्द्र पटेल, राजू वर्मा, भोजलाल वर्मा,प्रदीप शर्मा एवं अन्य नेता उपस्थित थे।

## वार्ड 6 में पानी की हाहाकार



**छिन्दवाड़ा ।** शिव नगर स्लम एरिया, पुलिस लाइन,शिव नगर के मते कालोनी, खान कालोनी में 2 दिनों से माचागोरा से जल की सप्लाई नहीं होने के कारण वार्ड नंबर 6 में हाहाकार की स्थिति है, वार्ड पार्षद सरला सिसोदिया के अथक प्रयासों से 2 टैंकरों की व्यवस्था की गई जो कि वार्ड में पर्याप्त नहीं है टंकी में फोन करने पर उनका जवाब था डीजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण हम टैंकर नहीं पहुंचा पाएंगे देखा यह जा रहा है कि हर 15 से 20 दिनों में ऐसी स्थिति बार-बार निर्मित हो रही है जिससे वार्डवासियों में गुस्सा है।

## मारपीट के आरोपीगण को 1-1 वर्ष की सजा

**छिन्दवाड़ा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई के द्वारा प्रकरण क्रमांक 1105/15 एवं अपराध क्रमांक 315/15 के आरोपीगण राजू पिता पारना ढ़ोके उम्र 31 वर्ष, प्रभात पिता पारना ढ़ोके उम्र 33 वर्ष एवं अगनलाल पिता मेहतु चौहान उम्र 36 वर्ष सभी निवासी रमपुरी थाना चाँद को भा.दं.वि. की धारा 325 में एक- एक वर्ष सश्रम कारावास एवं 1,000-1,000/- रूपये अर्थदण्ड, धारा 323/34 के आरोप में छः- छः माह सश्रम कारावास एवं 1,000-1,000/- रूपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी की माताजी के निधन पर जिला अध्यक्ष ने जताया शोक

**छिंदवाड़ा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी श्रीमती हीरा बा के निधन पर जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू जी ने शोक व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष श्री साहू ने परमपिता से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने कहा कि माँ हीरा बा का संघर्षमय जीवन हम सभी के लिये प्रेरणादायी है। उनके त्याग, समर्पण और संस्कारों का ही परिणाम है कि हमें श्री नरेंद्र मोदी जी जैसा नेतृत्व मिला। उन्होंने कहा कि माँ का जाना एक पुत्र के लिये अपूरणीय क्षति होती है, लेकिन आज इस दुख की घड़ी में पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री के साथ है।

## देवी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण वाट बने

**सौंसर ब्लॉक में कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत**

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस में क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। सौंसर ब्लॉक कांग्रेस में क्षेत्रीय कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति कर समस्त नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्षों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कांग्रेस कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस सौंसर के क्षेत्रीय अध्यक्षों की सूची निम्नानुसार है। देवी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण वाट, रानपेठ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश हनवते, रंगारी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र चिपडे, निमनी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मारोती कारोकार, पारडसिंगा सावंगा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर खरपुरिया, रिधोरा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिलवनकर, पंधराखेड़ी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अटल रबड़े, खांडसिवनी मर्राम क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रेम भलावी, खैरीतायगांव क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जर्नादन टापरे, रामाकोना क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उमाजी पोपटे, बेरडी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय रूंधे व बोरगांव क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी घनश्याम कालबांडे को सौंपी है।

## जनवरी माह में होगी हॉकी प्रतियोगिताएं



**छिंदवाड़ा ।** हॉकी संघ की विशेष बैठक जिला हॉकी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस की अध्यक्षता में जिला ओलंपिक स्टेडियम में सम्पन्न हुई । इस बैठक में आगामी जिला स्तरीय छ॥ हॉकी सुपर लीग प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु रूप रेखा बनाई गई और सभी पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी बैठक में विशेष रूप से हॉकी संघ के उपाध्यक्ष जावेद खान , राशिद खान , फिरोज खान , इमरान बाबा , दीपक कुमार , विशाल नागले , दीपांशु कपाले, नईम खान , शेख सिराज , शेख सकील , फरदीन अली , गुफरान अली , अस्सु अली व हॉकी क्लबो के खिलाड़ी उपस्थित थे ।

## पाठक मंच का अलविदा 2022 कार्यक्रम आज

**छिंदवाड़ा ।** साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल की इकाई पाठक मंच (बुक क्लब) छिंदवाड़ा द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या दिनाँक- 31/12/2022 को समय शाम 4 बजे से 6 बजे स्थान राय भवन, दुर्गा चौक, छिंदवाड़ा में अलविदा - 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है पाठक मंच के संयोजक विशाल शुक्ल ने इस काव्य संध्या में साहित्य में रुचि रखने वाले सभी सुधी श्रोताओं से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है!

## तामिया में बालीवाल प्रतियोगिता सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** सेक्टर तामिया में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला समन्वयक पवन सहगल एवं विकास खण्ड समन्वयक राजू माण्डवे के मार्गदर्शन में ग्रामीण बॉलीबॉल प्रतियोगीता का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने भाग लिया कार्यक्रम का आयोजन ग्राम धगडिया में भव्य रूप में आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धगडिया एवं सतपुडांचल जन कल्याण समिति बांगई के तत्वाधान में संचालित किया गया।

## ताराचन्द बावरिया के घर पहुंची उमा भारती

**छिंदवाड़ा ।** भाजपा नेत्री उमा भारती पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया के निवास पर पहुंची। चौथी बार वे ताराचंद बावरिया के निवास पर पहुंची। कोयला मंत्री बनने के बाद वे पहली बार उनके घर आई थी। तब अचानक उन्होंने भिंडी की सब्जी की इच्छा व्यक्त की थी। खाना ताराचंद के घर ही खाऊँगी ऐसा उन्होंने जोर से कहा था। दूसरी बार आयी तब वो मुख्यमंत्री थी। उनकी परिचारिका से मैंने पूछा था मैडम को क्या पसंद है। तब मिठाई जवाब आया था। तीसरी बार चुनाव के समय वे आयी थी। मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री रहने के बाद भी वे संस्कार लॉन में ही सो गई थी। चौथी बार आज आयी ।आज जब वे आयी सोफे पर वे अकेली बैठी। बाकी सब ताराचंद जी के साथ उनके पैरों के पास बैठे। उमा श्री संत है। संत का हृदय कितना निश्चल होता है ये उनसे मिलकर ही जाना जा सकता है। ताराचंद से उनका आत्मीय लगाव है। जिस सहजता से वे ताराचंद कहकर पुकारती है वो आत्मीय संबंध को ही बताते है। उस कद के व्यक्ति का इस तरह से सम्बोधित करना गर्व महसूस करने की ही बात है। मेरी पहली मुलाकात उनसे तब हुई थी जब वे दिग्गी को मिस्टर बंटाधार कहकर



यात्रा पर निकली थी। देर रात मुझे अकेले खड़े देखकर उन्होंने मुझे बुलाया। तब सिर्फ मेरे पास डिजिटल कैमरा था। कहा फ़ोटो खींचना है क्या। मैं खींचने लगा तो उन्होंने मेरे साथ फोटो खिंचवाने की बात कही। तब उनके साथ मेरी फ़ोटो खींची गई। मेरे सिर पर उन्होंने हाथ फेरा था। स्नेह और ऐसा दुलार माँ के स्पर्श की ही तरह था। राजनीति में ऐसे लोगोँ को रहना चाहिए। क्योंकि ये नियम से परे रास्ता निकालने वाले होते है। ऐसे व्यक्ति का हाथ सिर पर होना बड़ी बात है। ताराचंद जी इस मायने में किस्मत वाले है।

## आई.टी.आई. में राज्य युवा नीति के प्रस्ताव पर हुई चर्चा

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय आई.टी.आई.छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले युवा संवाद एवं युवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य युवा नीति के प्रस्ताव पर चर्चा हुई । जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किये । इस कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य श्री सतीश मोरे, प्रशिक्षण अधीक्षक चंद्रभान उइके, प्रदीप कुमार माने गुर्दे, एसएल चंद्रा, के.के.पांसे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## परासिया के राजेश दुबे को कारण बताओं नोटिस

**छिंदवाड़ा ।** जिला संगठन प्रभारी माननीय संतोष पारिक जी के निर्देश पर परासिया नगर मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है कि दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को संपन्न जिला पदाधिकारियों की विस्तारित बैठक में सूचना दी गई थी कि दिनांक 29/12/2022 को जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा परासिया विधानसभा में बड़कुई से परासिया तक छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जायेगा । दिनांक 26/12/2022 को जिला महामंत्री की उपस्थिति में परासिया में संपन्न बैठक में इस यात्रा की तैयारी एवं व्यवस्था बनाने का दायित्व मंडल अध्यक्ष के रूप परासिया नगर मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे को दिया गया था किंतु इनके द्वारा इस कार्यक्रम के संबंध में कोई तैयारी नहीं की तथा इस कार्यक्रम में शामिल भी नहीं हुए, जो कि पार्टी संविधान के अनुसार अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है । सात दिनों के अंदर इस नोटिस का जबाव मांगा गया है।



**छिंदवाड़ा । स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत पार्क एवं बगीचों को हरा भरा एवं व्यवस्थित रखा जाना जरूरी है, इसी उद्देश्य से नगर निगम नर्सरी में प्लांटेशन कार्य हेतु तैयारियां की जा रही हैं।**

## 80 वर्षीय खत्री बने चैम्पियन

### जिला बैडमिंटन स्पर्धा का पुरुष्कार वितरण के साथ समापन



**छिंदवाड़ा ।** जिला स्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता का समापन ओलम्पिक हॉल में पुरुस्कार वितरण के साथ सम्प्पन हुआ । इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, जे पी सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, प्रतीक शुक्ला, रविकांत अहिरवार,दीपक राज जैन, मुकेश सोनी, जी एस आर नायडू, अजय ठाकुर, टी आर यादव,आराधना शुक्ला, मीनाक्षी भारद्वाज, श्रीमती शारद मिश्रा ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ।स्पर्धा अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस ने बताया कि खिलाड़ियों को विजेता उपविजेताओं को 25 हजार के पुरुस्कार प्रदान किये गए । सचिव जावेद खान ने बताया की वेटरंस डबल्स में एस एल खत्री एवम पार्टनर एम एम सिंह विजेता रहे तथा उपविजेता में टी आर यादव , विजय पवार रहे। जूनियर वर्ग में कुमारी जान्हवी विश्वकर्मा ,कुमारी संचारिका, कुमारीवैष्णवी, पुष्कर गिरेडकर, अनुभव साहू,रुद्र सोनी विजेता रहे सीनियर वर्ग में महिला समीक्षा कडू, आयुषी मस्तकर पुरूष वर्ग मेंअश्वंत मार्को , रत्नेश दुबे, एनोश विजेता रहे, मिक्स डावल्स में अशवंत मार्को, आयुषी मस्तकार विजेता रहे तथा उपविजेता साक्षी व रत्नेश दुबे रहे। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने तथा आभार प्रदर्शन दीपक राज जैन ने किया ।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायक के रूप में रतनेश दुबे, कोमल साह, साक्षी करंजगांकर, आनंद पाठक, आर्यांश खन्ना, अक्षत शुक्ला, अश्वंत मार्को, अरविंद गिरेडकर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## सड़क पर कचरा फैंकने पर हुआ चालान



**छिंदवाड़ा ।** शहर में नियमित सफाई एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था के बावजूद व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा लापरवाही पूर्वक खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए नगर निगम आयुक्त के आदेशानुसार दोषियों पर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत जीएफसी स्टार रेटिंग के लिए शहर में कहीं भी खुले स्थान पर कचरा या जीव्हीपी नहीं पाया जाना चाहिए। दिनांक 30 दिसंबर को भी राजीव गांधी बस स्टैंड पर निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण एवं गंदगी किया जाना पाया गया, निगम स्वास्थ्य अधिकारीअनिल मालवी द्वारा 3 दुकानदारों पर रू. 500-500/-(कुल रू.1500/-) का चालान किया गया।नगर निगम की इस कार्यवाही के दौरान सहायक यंत्री ब्रजेश पांडे,स्वास्थ्य निरीक्षक अरुण गढेवाल,जोन प्रभारी सुनील मालवी तथा वार्ड दरोगा नंद किशोर बारापात्रे भी

## पति, सास एवं देवर को कारावास

### मारपीट ,प्रताड़ित करने पर न्यायालय ने सुनाई सजा

**छिन्दवाड़ा ।** न्यायालय रूपेन्द्र. सिंह मड़ावी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई के द्वारा प्रकरण क्रमांक 581/16 एवं अपराध क्रमांक 513/16 के आरोपीगण मीना पति दिमाक चंद्रवंशी 61 वर्ष, सुनील पिता दिमाक चंद्रवंशी 31 वर्ष, मुनीम पिता दिमाक चंद्रवंशी 22 वर्ष सभी नि. बाम्हनवाडा थाना चौरई को भा.दं.वि. की धारा 323 सहपठित धारा 34 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रू अर्थदंड से दंडित किया गया। मध्यप्रदेश शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पंकजदीप सिंह ठाकुर के द्वारा पैरवी की गई । प्रार्थिया सरिता चंद्रवंशी द्वारा थाना चौरई में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम बाम्हनवाडा में रहती है उसका मायका खकरा चौरई का है वह कक्षा 10 वीं तक पढी लिखी है, उसकी शादी वर्ष 2011 में बाम्हनवाडा के सुनील चंद्रवंशी के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसके ससुराल वाले तानाकसी करने लगे कि तेरे मायके से दहेज पर दो लाख रूपये नहीं दिये है एवं मोटर साईकिल भी नहीं दिये है कहकर परेशान करने लगे एवं पति सुनील, सास मीना एवं देवर मुनीम ने मारपीट शुरू कर दिये। इस बारे में पीडिता ने अपने माता-पिता को बताई तो उन्होने ससुराल नहीं भेजे। इसके बाद दिनांक 18 सितम्बर 2014 को उसके पति एवं परिवार के अन्य लोग एवं गांव के लोगों के बीच समझौता हुआ तब उसके पिता द्वारा पति के साथ उसे ससुराल भेजा गया, उसके बाद भी पीडिता को प्रताडित कर दो लाख रूपये और मोटरसाईकिल की मांग करने लगे एवं पीडिता से कह रहे थे कि तेरे से कोई संतान नहीं हो रही है, इसी बात पर से दिनांक 27 जुलाई 2016 को रात्रि 8 बजे पीडिता को उसका देवर आरोपी मुनीम, सास आरोपिया मीना और पति आरोपी सुनील ने मारपीट कर प्रताडित किये एवं सास आरोपिया मीना ने गर्दन के पीछे मिट्टी का तेल डालकर चिमनी से जला दी। प्रार्थिया की शिकायत पर थाना चौरई में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। उक्त प्रकरण में विवेचना सहा. उप निरी. बलीराम धुर्वे द्वारा की गई है।

## स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को दिया संदेश



**छिंदवाड़ा ।** अभियान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, विकासखंड समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व मे शंकरनगर परतला वर्ड नंबर 48 में ग्रामीण एवम शहरी नागरिकों को स्वच्छता एवं शपथ दिलाकर स्वच्छता अभियान चलाया बच्चों को स्वच्छता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, गन्दगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं उनसे बचने के लिए कौन-कौन से प्रयास किए जाने चाहिए? के बारे में विस्तार से बताया, शहरी क्षेत्रों के युवक एवम युवतियो द्वारा अपने आसपास स्वच्छता रखने और लोगों को भी स्वच्छता से रहने हेतु प्रेरित करने का आश्वासन दिया गया, एम एस डब्लू के विद्यार्थी दशोदा चंद्रवंशी, मंशा डेहरिया , महेश बंदेवार ने इस कार्य में भाग लिया द्य मैत्री नगर विकास प्रस्फुटन समिति में विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमति लता नागले सचिव, भर्ती अहिरवाल सदस्य मीरा खातरकर दीक्षा, संगीता माला, योगिता, मधुकर खातरकर एवं जनमानस की सहभागिता रही।

## कांग्रेस का धर्म की ओर बढ़ा झुकाव

### भाजपा जन जन को बांट रही: आरोप

### जिला कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ की सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा ।** धर्मानुरागी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ को सनातनी धर्म के प्रचार व प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धर्म और जाति के आधार पर जिस तरह आज भाजपा समाज और जन-जन में बंटवारा कर रही है उसे रोकने, सर्व समाज, जाति और धर्म के लोगों तक प्रेम भाव और भाईचारे का संदेश पहुंचाने का जिम्मा जिला कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ को सौंपा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की मंशानुरूप प्रकोष्ठ का विस्तार करने हेतु राजीव कांग्रेस भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ में जिला कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किये गये।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां सभी को अपने-अपने धर्म को मानने व तीज त्योहारों को मनाने की आजादी है, किन्तु कुछ वर्षों से भाजपा के नेताओं ने देश, प्रदेश व जिले में धर्म, जाति और वर्णों के आधार पर लोगों को बांटना शुरू कर दिया है जो निरंतर जारी है, इसके चलते लोगों का नजरिया बदल रहा है। भाजपा के लोग अपने आपको को सबसे बड़े धर्मप्रेमी बताते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है यहां सभी धर्मप्रेमी है, किन्तु धर्म को राजनीति के मंच पर लेकर नहीं आते। उन्होंने अपने उदबोधन में आगे कहा कमलनाथ ने धर्म उत्सव प्रकोष्ठ का गठन किया ताकि प्रदेश व जिले में धर्म का प्रचार-प्रसार हो सके। भाजपा अपने आपको सबसे बड़ी धर्मप्रेमी मानती है, लेकिन धर्म पर किसी का एकाधिकार नहीं है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा आप सभी अपने ब्लॉक और क्षेत्र में इस प्रकोष्ठ की बात गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाये यह जिम्मेदारी आप सभी की है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर लोगों को बांट रही है और धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। जिला कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस की रीति और नीति जोडने की है। हम सभी धर्म का आदर करते हैं साथ ही यह संदेश भी देते हैं कि आपस में धर्म और जाति के आधार पर भाजपा ने समाज में जो खाई बनाई है उसे अब पाटने का वक्त आ गया। धर्म, जाति और वर्ण में समाज को बांटने का काम भाजपा कर रही उसे रोकने और समाज में भाईचारे का संदेश देने का कार्य कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के द्वारा किया जायेगा। हम धर्म का प्रचार प्रसार तो करेंगे ही साथ ही कौमीएकता का संदेश भी पहुंचायेंगे।

## अंशुल शर्मा बने एन.एस.यू.आई. जिला सचिव

**छिंदवाड़ा ।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा जिले के सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे जी की अनुशंसा पर जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय ठाकुर द्वारा अंशुल शर्मा की एन.एस.यू.आई. जिला सचिव के पद पर नियुक्ति की है ।

## विधायक सुनील उईके ने रंगमंचों का किया भूमिपूजन



**दमुआ/नवेगांव ।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ के विशेष सहयोग एवं विधायक के प्रयासों से स्वीकृत नौ रंगमंचों ,तीन सीसी सड़क मार्गो का भूमिपूजन और दो खुली व्यायाम शालाओं (ओपन जिम ) का लोकार्पण करने विधायक शुक्रवार नवेगांव क्षेत्र की जनता के बीच पहुँचे ।यहाँ उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में रंगमंचों सीसी मार्गो की आधारशिला रख विधायक सुनील उईके ने ग्राम के लोगों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा कर अपना वचन निभाया।नवेगांव क्षेत्र के लोगों ने पहले भी जनप्रतिनिधियों से अपनी इन समस्याओं के लिए गुहार लगाई थी लेकिन आमजनता की साध पूरी की विधायक सुनील उईके ने । इस मौके पर उन्होंने नवेगांव और घानाउमरी की जनता के लिए दोनो जगह ओपन जिम का लोकार्पण भी किया । जनता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा निरोगी काया इस दुनिया की सबसे बड़ी नेमत है ।क्षेत्र की जनता की सेहत का ख्याल रखना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है ।इसलिए क्षेत्र में खुली व्यायाम शालाओं की व्यवस्था की जा रही है ।उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक श्री उईके ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने कांग्रेस सरकार न होते हुए भी अपने प्रभाव से क्षेत्र को कई सौगाते दिलाई है। हम आगे भी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही आने देंगे। सरकार यदि सीधे से नही मानेगी तो हम लड़कर अपने अधिकारों को प्राप्त करेंगे।इस दौरान विधायक सुनील उईके साथ नवेगांव ब?लाक प्रभारी सुभाष गुलबाके, ब्लाक अध्यक्ष नवेगांव सिम्मीलाल परतेती, विजय सूर्यवंशी, घनश्याम तिवारी, अनिल मिगलानी, राकेश गुप्ता, तानूराम धुर्वे, नंदराम यदुवंशी, धरमदास पटेल, केदार यदुवंशी, गोकुल यदुवंशी, मनीराम साहू, गुडडा राय, मुकेश उइके, लेखराम यदुवंशी, शिवनाथ यदुवंशी, सरपंच मालनी, राधेश?याम यदुवंशी, खेमचंद, , सरपंच मानक, तापी मजुमदार, शिव अग्रवाल, संतोष यदुवंशी सहित बडी संख?या में ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री चौहान ने चैन्नई में लगाया करंज का पौधा



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2022 की विदाई पर 31 दिसम्बर को करंज का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज चेन्नई प्रवास के दौरान पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 19 फरवरी 2021 को नर्मदा जयंती पर अमरकंटक में प्रतिदिन पौधरोपण का संकल्प लिया था। इस संकल्प के क्रम में निरंतर पौधरोपण का आज 682वां दिन हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान के इस संकल्प से प्रदेश में पौधरोपण को लेकर व्यापक स्तर पर जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित हुईं।

# आज से मध्य प्रदेश में शीत लहर चलने की संभावना, तापमान में आएगी गिरावट



भोपाल। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश में पड़ने लगा है। शुक्रवार शाम को चली हवाओं का रुख उत्तरी होने के कारण रात में मौसम में ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार से प्रदेश में शीत लहर चलने की बात कही है। इससे तापमान में आज काफी गिरावट आएगी। मध्य प्रदेश के लिए रविवार को नये साल का शुरूआत अब कड़ाके की ठंड के साथ होना है।

भोपाल मौसम केन्द्र के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी जिलों का मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। शेष सभी संभागों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। इंदौर, भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक एवं शेष संभागों में सामान्य रहा। शनिवार को प्रदेश में सबसे कम 6.4 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। जबकि भोपाल में 11.8, इंदौर में 14 और ग्वालियर में 8.5 डिग्री तापमान रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार शाम प्रदेश में सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई हैं। इसके असर से रात में ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि शनिवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर का असर देखने को मिल सकता है। भोपाल मौसम केन्द्र के अधिकारियों की मानें तो ट्रफ के रूप में आया पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार को हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में परिवर्तित हो गया है। जिससे शुक्रवार शाम से फिर उत्तरी हवा चलने लगी है।


शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर भारत से आगे बढ़ जाएगा। उधर, दो दिन में उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हुई है। शनिवार रात से मैदानी क्षेत्रों की तरफ चलने वाली बर्फीली हवाओं के असर से पूरे मध्य प्रदेश में ठिठुरन बढ़ने लगी है। रविवार से कई शहरों में शीतलहर भी चल सकती है।

# हीरा बा जैसी मां का आशीष सदैव आपके सिर पर रहेगा: प्रभात झा



भोपाल। भाजपा उपाध्यक्ष प्रभात झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा- मां हीरा बा आपके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि ! आदरणीय नरेंद्र भाई, मां हीरा बा जरूर अब नहीं लौटेंगी लेकिन देश की करोड़ों हीरा बा जैसी मां का आशीष सदैव आपके सिर पर रहेगा।

# नए साल में महाकाल दर्शन के लिए महाकाल लोक से ही एंट्री



**6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आने की संभावना**

उज्जैन। नए साल की शुरुआत कई लोग भगवान के आशीर्वाद से करते हैं। हर साल उज्जैन के महाकाल मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार भी रविवार-सोमवार को 6 लाख श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की उम्मीद है। इसी को देखते हुए दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। श्रद्धालुओं को महाकाल लोक से ही एंट्री मिलेगी। महाकाल मंदिर के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि नए साल पर रविवार और सोमवार को 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। लड्?डू प्रसादी के लिए भी डबल डिमांड दी हुई है। वही इस साल भी ऑनलाइन होने वाली भस्म आरती की अनुमति 31 दिसंबर और 1 जनवरी के लिए ब्लॉक कर दी है।

## गणेश मंडपम से दर्शन मिलेंगे

31 दिसंबर यानी शनिवार और 1 जनवरी को रविवार होने से छुट्?टी रहेगी। भीड़ को देखते हुए भक्तों की लाइन त्रिवेणी संग्रहालय से लगेगी, जो नंदी द्वार होते हुए बेरिकेटिंग के माध्यम से मानसरोवर तक पहुंचेगी। यहीं कतार गणेश मंडपम तक जाएगी। गणेश मंडपम से दर्शनों के बाद भक्त महाकाल लोक में बने पिनाकी द्वार से बाहर निकलेंगे। लाइन में लगे श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी का इंतजाम भी किया गया है।

## बड़ा गणेश से एंट्री बंद, प्रोटोकॉल का गेट नंबर चार से प्रवेश

बड़ा गणेश और प्रशासक ऑफिस की ओर से श्रद्धालुओं को एंट्री नहीं मिलेगी। इसके अलावा, बेगमबाग होते हुए भारत माता मंदिर और फिर प्रशासक कार्यालय के सामने से प्रवेश करेंगे। 250 रुपए की शीघ्र दर्शन की रसीद लेने वाले भक्त महाकाल थाने के पीछे से एंट्री कर बड़े गणेश के पास गली से गेट नंबर चार से एंट्री लेंगे। मंदिर के गेट नंबर 4 से मीडिया पुजारी और 250 शीघ्र दर्शन के लिए प्रवेश रहेगा।

## लड्डू प्रसादी के लिए नए काउंटर खोले

मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि अमूमन भीड़ अधिक होने पर 45 क्विंटल लड्डू प्रतिदिन खप जाते हैं, लेकिन नए साल पर 70 क्विंटल लड्डू प्रसादी प्रतिदिन के हिसाब से ऑर्डर किया है। दो दिन भारी भीड़ होने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर का प्रसाद काउंटर को बंद रहेगा। सप्तऋषि के पास दो और नंदी द्वार समेत पार्किंग पर भी नए प्रसादी काउंटर खोले जा रहे हैं।

## ड्रोन से नजर 850 पुलिसकर्मी करेंगे सुरक्षा

एसएसपी सत्येंद्र शुक्ल ने बताया कि व्यवस्था 31 दिसंबर से 2 जनवरी की सुबह तक रहेगी। कुल 500 पुलिसकर्मी व्यवस्था में और मंदिर की सुरक्षा में 350 पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। मंदिर समेत आसपास क्षेत्र के ष्टष्टञ्जङ्क व ड्रोन से खास निगरानी रखी जा रही है।

# केंद्र सरकार से कोविशील्ड वैक्सीन के पांच लाख डोज मिलेंगे




भोपाल। मध्?य प्रदेश के लिए अच्छी खबर है। कोरोनारोधी कोविशील्ड वैक्सीन के पांच लाख डोज केंद्र से प्रदेश को मिलेंगे। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा.संतोष शुक्ला ने बताया कि पांच जनवरी के बाद टीका आ जाएगा।

बता दें कि कोरोना वायरस के नए सब वैरिएंट बीएफ-7 की वजह से चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद प्रदेश में सतर्कता डोज लगवाने के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। इक्का-दुक्का लोग पहली और दूसरी डोज लगवाने के लिए भी आ रहे हैं।

राज्य में 80 प्रतिशत लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगी है, लेकिन डेढ़ महीने से प्रदेश में यह वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण सतर्कता डोज नहीं लग पा रही है। भोपाल में सिर्फ चिरायु मेडिकल कालेज में सशुल्क यह वैक्सीन लगाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 18 वर्ष से ऊपर के 98.5 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं, पर सतर्कता डोज सिर्फ 25 प्रतिशत ने ही लगवाई है। कोवैक्सीन के एक लाख 40 हजार डोज प्रदेश में उपलब्ध हैं

# एनपीएस छोड़ने सरकार को नये साल में कर्मचारी सौंपेंगे शपथ पत्र

भोपाल। पुरानी पेंशन योजना के लिये विगत एक वर्ष से संघर्ष कर रहे कर्मचारी नये वर्ष पर गांधीगिरी का रास्ता अख्तियार करेंगे। इसके तहत वह एनपीएस यानी न्यू पेंशन स्कीम छोंड़ने के लिये सरकार को शपथपत्र सौंपेंगे। यह अभियान राष्ट्रीय पेंशन संघ के तत्वाधन में आगामी 2 जनवरी से शुरू होगा। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संगठन द्वारा शुक्रवार पत्र लिखा गया है। महत्वपूर्ण है कि इसके पहले पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के कर्मचारी यह अभियान चला चुके हैं। संगठन के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि एनपीएस योजना कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं को पूरा करने में अक्षम साबित हुई है। इसका खुलासा भारत सरकार की कैग की रिपोर्ट में भी 2018 में हो चुका है। इसको अहम समझते हुए छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखंड व राजस्थान जैसे राज्यों की सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना लागू में देर नहीं लगाई है। बावजूद इसके मप्र सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। लिहाजा उत्तरप्रदेश की तर्ज पर यहां के भी कर्मचारियों ने शपथ पत्र देकर एनपीएस छोड़ने का फैसला किया है। कर्मचारी पहले यह विभाग प्रमुख को सौंपेंगे।

इसके बाद इसकी पावती संघ के माध्यम से विरोध स्वरूप सरकार को भेजी जाएगी। यदि सरकार शपथ पत्र प्रस्तुत करने के बाूद भी कर्मचारी को एनपीएस योजना का सदस्य बनाकर वेतन से एनपीएस का अंशदान कटौती की जाएगी तो कर्मचारी न्यायालय की शरण लेने के लिये मजबूर होगा।

# स्मार्ट सिटी में 1500 करोड़ रुपये खर्च, जनता को नहीं मिल रहा लाभ





भोपाल। राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अधिकारियों ने मनमर्जी तरीके से 1500 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। टीटी नगर के आसपास स्मार्ट शहर बसाने के लिए पूरानी बसाहट उजाड़ दी। हजारों की संख्या में लोग बेघर भी हो गए। इसके बावजूद जनता को स्मार्ट सिटी का लाभ नहीं मिल रहा है। एबीडी प्रोजेक्ट के तहत अब तक ना तो 342 एकड़ में स्मार्ट सिटी बन पाई और ना ही पैन सिटी बनाने का सपना पूरा हुआ।

बतादें कि देश के शहरों में आर्थिक विकास की दर बढ़ानें और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए जून 2015 में स्मार्ट सिटी योजना का शुभारंभ किया गया था। इसके तहत भोपाल में टीटी नगर क्षेत्र को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए चयनित किया गया था। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए दो श्रेणियों में विकास होना था। पहला टीटी नगर की 342 एकड़ जमीन पर एरिया बेस्ड डेवलमेंट के तहत आवासीय और व्यवसायिक परिसर बनाकर रहवासियों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना था। यहां रोजगार के साथ लोगों को रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त शहर बनाना था। वहीं पैन सिटी के तहत हेरिटेज प्रोजेक्ट, स्मार्ट पार्क, आर्च ब्रिज, अधोसंरचना विकास और सामाजिक सुरक्षा को बेहतर बना था। लेकिन जनता की हजारों करोड़ रुपये की गाढ़ी कमाई खर्च होने और प्रोजेक्ट को सात वर्ष से अधिक का समय बीतने के बाद भी जनता को स्मार्ट सिटी का फायदा नहीं मिला। जबकि स्मार्ट सिटी बनाने के लिए मई 2023 तक की समयसीमा निर्धारित की गई है।


**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., छिन्दवाड़ा की ओर से नववर्ष की शुभकामनाएं**

सहकारिता से उद्धार, नववर्ष का उपहार



मान. श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन



मान. श्री अरविंद सिंह भदौरिया
सहकारिता मंत्री म.प्र. शासन

दिनांक 26.12.2022 से प्रभावशील ( संशोधित नई ब्याज दर )

| क्रं. | सावधि अमानत की अवधि | रूपये 15.00 लाख से कम | रूपये 15.00 लाख से ज्यादा |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 दिन से 45 दिनों तक | 4.50 % | 5.00 % |
| 2 | 46 दिन से 90 दिनों तक | 5.25 % | 5.50 % |
| 3 | 91 दिन से 180 दिनों तक | 5.75 % | 6.00 % |
| 4 | 181 दिन से 01 वर्ष से कम | 6.00 % | 6.25 % |
| 5 | 1 वर्ष एवं उससे अधिक किन्तु 2 वर्ष से कम | 6.50 % | 6.75 % |
| 6 | 2 वर्ष एवं उससे अधिक किन्तु 3 वर्ष से कम | 7.00 % | 7.00 % |
| 7 | 3 वर्ष तथा उससे अधिक एवं अधिकतम 10 वर्षो तक | 7.25 % | 7.25% |

बैंक के बचत अमानत खातों में पूर्व से निर्धारित ब्याज दर यथावत रहेगी। वरिष्ठ नागरिकों को 01 वर्ष से 03 वर्ष तक 1 % एवं 3 वर्ष से अधिक की अवधि में 0.75 % अतिरिक्त ब्याजदर देय होगी।

- बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं:-
- म.प्र. शासन की नीति अनुसार किसानो को 0 (शून्य) प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण का प्रदाय ।
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना ।
- डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, डीजल पंप सेट एवं ड्रिप आदि हेतु मध्यकालीन ऋण योजना ।
- बैंक द्वारा सावधि जमा अमानतो (फिक्स डिपाजिट) पर आकर्षक ब्याज दरें ।
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, संकट हरण बीमा योजना, समूह बीमा योजना ।
- वाहन ऋण योजना, व्यक्तिगत ऋण योजना ।
- व्यापारिक कैश क्रेडिट लिमिट की सुविधा ।
- पांच वित्तीय साक्षरता केन्द्रो के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का प्रचार-प्रसार ।
- आत्मनिर्भर भारत योजनांतर्गत 10 प्राथ. कृषि साख सह समितियों के आत्मनिर्भर की ओर बढते कदम ।
- आत्मनिर्भर म.प्र. योजनांतर्गत 138 प्राथ. कृषि साख सह. समितियों में सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना।
- प्राथ. कृषि साख सहकारी समितियों में इफको व कृभको की फेन्चायजी संचालन योजना का क्रियान्वयन।
- समर्थन मूल्य उपार्जन अंतर्गत प्रा. कृषि साख सह. समितियों में धान, ज्वार, गेंहू, चना का पंजीयन एवं खरीदी की सुविधा ।
- प्राथ. कृषि साख सहकारी समितियों के केन्द्रो में रासायनिक खाद के सीधे भंडारण योजना का क्रियान्वयन ।
- मत्स्य एवं पशुपालन केसीसी (कार्यशील पूंजी ) हेतु पात्र हितग्राही को ऋण उपलब्ध कराना । बैंक की 26
- कम्प्यूट्रीकृत शाखाओ द्वारा अमानतदारो को दी जा रही सुविधाएं
- एनईएफटी के माध्यम से फंड ट्रांसफर सुविधा ।
- डीबीटीएल (गैस सब्सिडी) की सुविधा । एसएमएस अलर्ट की सुविधा ।
- रूपे किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा । ए.टी.एम. कार्ड की सुविधा ।
- बैंक की 26 शाखाएं एवं 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां सदैव आपकी सेवा में तत्पर ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाडा
प्रधान कार्यालय, राज टॉकिज के पास, छिन्दवाडा
दूरभाष क्रमांक 07162-247301, 247302, 247304, 244308, 247318
ई-मेल E-mail-jskb chw@rediffmail.com


# स्टेशनरी घोटाले में 18 साल बाद फैसला, पूर्व मंत्री को 3 साल की सजा, ईओडब्ल्यू ने 9 लोगों पर की थी एफआईआर




ग्वालियर। ग्वालियर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव को भ्रष्टाचार के मामले में 3 साल की सजा सुनाई गई है। 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने पूर्व मंत्री भगवान सिंह समेत 6 आरोपियों को दोषी माना है।दो आरोपियों को बरी कर दिया गया है।

मामला 24 साल पुराना है। बैंक के ही एक कर्मचारी सतीश शर्मा ने आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो में शिकायत की थी। बताया था कि महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित गढ़रौली को बिना कोटेशन बुलाए स्टेशनरी सप्लाई का ऑर्डर दे दिया गया है। यह स्टेशनरी करीब साढ़े 4 लाख रुपए की थी। इसकी शिकायत 2004 में की गई थी। लंबी जांच पड़ताल के बाद 2009 में ईओडब्ल्यू ने पूर्व मंत्री भगवान सिंह समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर 1998 को बैंक की स्टेशनरी खरीदने का काम बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित गढ़रौली को दिया गया था। तत्कालीन बैंक कर्मचारी सतीश शर्मा ने ईओडी में शिकायत की थी कि संस्था को फर्जी तरीके से स्टेशनरी सप्लाई करने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके लिए बैंक ने निविदा आदि आमंत्रित नहीं की। बैंक के ही तत्कालीन कर्मचारी ईशान अवस्थी के खाते में यह रकम ट्रांसफर की गई थी। संस्था के पंजीयन और वर्क ऑर्डर भी लगभग एक ही तारीख को कर दिया गया था। खास बात यह भी है कि यह संस्था स्टेशनरी सप्लाई के लिए अधिकृत नहीं थी। कोर्ट ने पाया की पूर्व मंत्री भगवान सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने पदों का दुरुपयोग करते हुए घोटाले को अंजाम दिया है। इस घोटाले में आरोपी बनाए गए मुकेश माथुर और रजनी मुले को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया है। जबकि, जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, तत्कालीन जिला प्रबंधक डीके जैन को 3 साल की सजा और 30 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है। तत्कालीन स्टोर कीपर ईशान चंद्र अवस्थी, गजेंद्र श्रीवास्तव, महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था की अध्यक्ष शीला गुर्जर तथा संजीव शुक्ला को 4 साल की सजा से दंडित किया गया है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचे सुनील शेट्टी, ताला और मगधी जोन में की सफारी

उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अभिनेता सुनील शेट्टी घूमने के लिए आए हैं। सुनील शेट्टी यहां पर धमोखर के एक रिसोर्ट में रुके हुए हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सुनील शेट्टी ने शुक्रवार को सुबह ताला जोन और शाम को



मगधी जोन में सफारी का आनंद लिया। वह वन्य प्राणियों के साथ प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेकर सफारी से लौटे। सुनील शेट्टी के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व आने की जानकारी लोगों को लगी, तो वह भी बड़ी संख्या में उनका इंतजार करते रहे। वह बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ताला जोन में और मगधी जोन में सफारी से जल्द ही वापस आ गए। इस दौरान लोग उनका इंतजार करते रह गए। अभिनेता सुनील शेट्टी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सुबह ताला जोन और शाम को मगधी जोन में सफारी की। उन्होंने प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। पर्यटक पहचान पाते तब तक सुनील शेट्टी रिसोर्ट पहुंच गए।